दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 278
कोटद्वार बुधवार
15 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने किया प्रधानमंत्री एन्क्लेव का रास्ता साफ

**नई दिल्ली एजेंसी,** । देश की राजधानी दिल्ली में सेंट्रल विस्टा के अधीन बन रहे प्रधानमंत्री के नए आवास का रास्ता पूरी तरह से साफ हो गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से मामले में हरी झंडी मिलने के बाद अब राष्ट्र को नया प्रधानमंत्री आवास जल्द मिलने की राह आसान हो गई है। यह एक्जीक्यूटिव एंक्लेव दिल्ली के अतिसुरक्षित लुटियन्स जोन में आने वाले साउथ ब्लक के दक्षिण दिशा में प्लट नंबर 36६38 पर बन रहा है।

केजरीवाल सरकार ने प्रस्ताव को इस शर्त पर मंजूरी दी है कि एजेंसी को यहां से हटाए जाने वाले पेड़ों के बदले10 गुना पौधे लगाने होंगे। कार्यकारी एन्क्लेव का निर्माण केंद्र की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत किया जाएगा, जिसमें प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ), कैबिनेट सचिवालय, इंडिया हाउस और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के आवास, कार्यकारी एन्क्लेव पर अनुमानित 1,189 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## बुजुर्ग को डूबने से बचाया

**चम्पावत।** शारदा नहर में डूबे रहे बुजुर्ग को पुलिस के जवान व स्थानीय व्यक्ति ने बचा लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष हेमंत सिंह कठैत ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के शारदा नहर के तेज बहाव में बह जाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे गोताखोर देवेंद्र गोस्वामी व स्थानीय दीपू ने जान पर खेलकर शारदा नहर से बुजुर्ग को सकुशल बचा लिया।

## मंत्रियों को मिले नौकरशाहों के एसीआर लिखने का अधिकार: महाराज

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि नौकरशाहों के एसीआर लिखने का अधिकार मंत्रियों को मिलना चाहिए। कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारियों का फंक्शनल मर्जर किए जाने का मुद्दा भी कैबिनेट में उठाएंगे। मंगलवार को अपने आवास में मीडिया से बातचीत के दौरान महाराज ने कहा कि यूपी, दिल्ली, हरियाणा समेत कई राज्यों में मंत्रियों को नौकरशाहों के एसीआर लिखने का अधिकार है तो फिर यह उत्तराखंड में क्यों नहीं हो सकता। स्वाभाविक है कि मंत्रियों को यह अधिकार मिलने के बाद नौकरशाह अपनी मनमानी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों का फक्शनल मर्जर कराने से पहले नौकरशाहों ने मंत्रियों को विश्वास में नहीं लिया। उनके साथ ही ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी और सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत को भी फैसला लेने से पहले पूछा नहीं गया। हालांकि, उनके एतराज के बाद मुख्यमंत्री यह फैसला स्थगित कर चुके हैं, लेकिन वे कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे को उठाएंगे।औली विंटर गेम्स होंगेरू पर्यटन मंत्री महाराज ने कहा कि औली में विंटर गेम्स संपन्न कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। कहा कि अभी भी बर्फवारी की पूरी संभावना बनी है। महाराज ने कहा कि चार धाम यात्रा को लेकर पूरी तैयारी है। कुछ दिनों बाद रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जोशीमठ भू धंसाव का बदरीनाथ यात्रा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। भू धंसाव से जहां सड़क धंस गई है, उसे ठीक किया जा रहा है। इस बार टिंबरसैंण महादेव के लिए भी दर्शानार्थियों को ले जाने की योजना है।

# सरकारी नौकरी में महिलाओं के आरक्षण को हाईकोर्ट में चुनौती

**नैनीताल।** उत्तराखंड सरकार की ओर से राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण देने का विधेयक पास करने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

मंगलवार को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से छह सप्ताह में जबाव देने को कहा है। यह भी कहा है कि पीसीएस परीक्षा का परिणाम इस याचिका के अंतिम फैसले के अधीन होगा। अगली सुनवाई के लिए चार जुलाई की तिथि नियत की गई है।

उत्तर प्रदेश निवासी आलिया ने उत्तराखंड सरकार की ओर से राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण देने सबंधी अधिनियम को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। कहा है कि वह उत्तराखंड की स्थाई निवासी नहीं है और उत्तराखंड अपर पीसीएस परीक्षा



सरकार से मांगा जवाब

2021 में उत्तराखंड की अभ्यर्थियों से अधिक अंक लाने के बाद भी अनुत्तीर्ण हो गई।

सरकार के वर्ष 2006 के उस आदेश पर हाईकोर्ट की ओर से 24 अगस्त 2022 को रोक लगा दी गई थी। जिसके बाद याचिकाकर्ता का पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा में चयन हुआ। लेकिन हाईकोर्ट की ओर से क्षैतिज आरक्षण में रोक के बाद भी राज्य सरकार ने 10 जनवरी 2023 को राज्य सरकार की ओर से राज्य की महिलाओं को 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण देने का विधेयक पारित किया गया। जिसके बाद याची को पीसीएस मुख्य परीक्षा के लिये अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डक़ कार्तिकेय हरि गुप्ता ने बताया कि याचिका में न्यायालय के समक्ष दलील दी गई है कि उत्तराखंड राज्य के पास डोमिसाइल आधारित महिला आरक्षण प्रदान करने के लिए ऐसा कानून बनाने की कोई विधायी अधिकार नहीं है। यह अधिनियम केवल हाईकोर्ट के आदेश के प्रभाव को समाप्त करने के लिए लाया गया है, जो कि वैधानिक नहीं है। भारत के संविधान में इसकी अनुमति नहीं है। यह अधिनियम भारत के संविधान के अनुच्टेद 14 और 16 का उल्लंघन करता है।

## नीतीश सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए बलियावी से दिलवा रहे विवादित बयान: सुशील मोदी

**पटना, एजेंसी।** राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि जदयू नेता गुलाम रसूल बलियावी के पहले हर शहर को कर्बला में बदल देंगऔर अब सेना में मुस्लिमों के 30 प्रतिशत आरक्षण जैसे बयानों के लिए उन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाज में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और अल्पसंख्यकों का वोट लेने के लिए बलियावी से ऐसे बयान दिलवा रहे हैं।

सुशील मोदी ने आगे अपने बयान में कघ्हा कि अगर ऐसा नहीं है और जदयू में हिम्मत है तो बलियावी जैसे नेताओं को पार्टी के बाहर का रास्ता दिखला देना चाहिए।

वहीं, मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि इन्हें सेना के शौर्य पर भरोसा नहीं है। इन्हें पुलवामा की चौथी वर्षगांठ पर सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत की आवश्यकता है।

# जी20: गरीब देशों को कर्ज से राहत है

### कोरोना महामारी और युद्ध के बाद बढ़ा ऋण का बोझ

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अपनी अगुआई में होने वाली जी20 की बैठकों में गरीब व विकासशील देशों यानी ग्लोबल साउथ के देशों की समस्याओं को सामने लाने के पीएम नरेन्द्र मोदी के वादे पर अमल की कोशिश को गति दी जा रही है।

खास तौर पर कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के बाद कम विकसित देशों पर जिस तरह से कर्ज का बोझ बढ़ा है, भारत इस समस्या पर वैश्विक सहमति बनाने की कोशिश करने वाला है। इस क्रम में अगले दो हफ्तों के दौरान भारत की अगुवाई में तीन अलग अलग बैठकें होने जा रही है।वैश्विक कर्ज की समस्या पर इस हफ्ते शुक्रवार (17 फरवरी) को एक बैठक होने वाली है जिसमें विश्व बैंक, आइएमएफ, चीन, सउद्दी अरब समेत दूसरे कई देश शामिल होंगे। इसमें विश्व बैंक की तरफ से कर्ज से डूबे बेहद गरीब देशों को कर्ज चुकाने से राहत देने के एक प्रस्ताव पर खास तौर पर चर्चा होगी।

इस बैठक के अलावा अगले



हफ्ते जी20 के तहत केंद्रीय बैंकों के गर्वनर की और वित्त मंत्रियों की बैठक में भी यह एक बड़ा एजेंडा रहेगा। सूत्रों का कहना है कि वैश्विक कर्ज की समस्या पर जो मुद्दे सामने आएंगे उसे भारत जी20 जैसे मंच पर लाएगा। इस बारे में पिछले महीने पीएम नरेन्द्र मोदी की अगुआई में बुलाई गई ग्लोबल साउथ देशों की वर्चुअल बैठक में भी विमर्श हुआ था। बैठक में कई देशों की तरफ से बढ़ते कर्ज के खतरनाक स्तर पर पहुंचने की बात कही गई थी। वित्त मंत्री सीतारमण ने इस बैठक में कहा था कि अगर वैश्विक कर्ज के बढ़ने को नजरअंदाज किया गया तो यह वैश्विक मंदी की स्थिति को और खराब कर सकता है। वित्त मंत्री यहीं बात 23-25 फरवरी को बेंगलुरू में जी20 के वित्त मंत्रियों की बैठक में रखने वाली हैं। वित्त मंत्रियों की बैठक से पहले 21-22 फरवरी को जी20 के केंद्रीय बैंकों के डिप्टी गर्वनरों की बैठक होने जा रही है।

वैश्विक कर्ज का विकासशील देशों पर पड़ने वाले असर को भारत की तरफ से खास तवज्जो देने को चीन पर दबाव बढ़ाने की रणनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है। पिछले हफ्ते ही अमेरिका की वित्त सचिव जेनेट एलेन ने कहा है कि अगर गरीब देशों पर कर्ज का बोझ कम करना है तो चीन को जाम्बिया व दूसरे अफ्रीकी देशों को मदद के लिए जल्दी से आगे आने होगा। विश्व बैंक की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे गरीब 74 देशों पर कुल 35 अरब डलर का कर्ज है और इसका 37 फीसद (तकरीबन 11 अरब डलर) चीन का है।कोरोना महामारी के बाद कर्ज की राशि तेजी से बढ़ी है। पिछले वर्ष की जी20 बैठक में भी गरीब देशों के कर्ज माफ करने के मुद्दे पर बात हुई थी लेकिन बताया जाता है कि चीन का रुख बहुत ही अस्पष्ट है।

# पहले की सरकारें हत्या के लिए थी मशहूर: नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज चुनावी राज्य नागालैंड का दौरा किया।

नड्डा बीजेपी और उसकी सहयोगी एनडीपीपी की संयुक्त रैली में शामिल हुए। इस दौरान नड्डा ने पार्टी की राज्य इकाई मुख्यालय में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। बता दें कि बीजेपी और एनडीपीपी मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी जहां 20 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, वहीं एनडीपीपी 40 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

इस चुनावी दौरे के दौरान कोहिमा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 5 साल पहले की सरकारें बंद, ब्लकडेस, उग्रवाद, अपहरण और लक्षित हत्या के लिए जानी जाती थीं लेकिन नीफियू रियो के गतिशील नेतृत्व में, हम एक स्थिर सरकार बनाने में सक्षम थे और अब कह सकते हैं कि यह शांति, समृद्धि और विकास का स्थान है। चुनाव और मतदान का मतलब बहुत खराब आधार पर तय करना नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए बहुत गंभीर विचार-विमर्श की जरूरत है कि सत्ता की बागडोर किसे लेनी चाहिए।

नागालैंड की 60 सीटों वाली विधानसभा के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा और वोटों की गिनती दो मार्च को होगी।

# पर्वतीय जनपदों में सहकारिता आधारित कार्यों को तेजी से बढ़ाने की आवश्यकता: सीएम

**देहरादून।** राज्य के पर्वतीय जनपदों में लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए सहकारिता के क्षेत्र में और प्रयासों की जरूरत है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का आम जन अधिक से अधिक फायदा ले सकें, इसके लिए ऐसी व्यवस्था की जाय कि एक जैसी प्रति की योजनाओं के तहत लोगों को संबंधित विभागों की योजना का लाभ उठाने के लिए मिश्रित लोन लेने की सुविधा मिल सके। सहकारी बैंकों द्वारा एनपीए को कम करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएं। बैंकों को ा ण जमा अनुपात को बढ़ाने की दिशा में विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में और प्रयासों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंकों की बैठक के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की आजीविका को बढ़ाने के लिए राज्य में



आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। कलस्टर आधारित अप्रोच पर अधिक ध्यान दिया जाए। पर्वतीय जनपदों में सहकारिता आधारित कार्यों को तेजी से बढ़ाने की आवश्यकता है।

राज्य में मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाएं। इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाय। आम जन को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके, सहकारी बैंकों के माध्यम से लोन की प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की आम जन को गोष्ठियों एवं कैम्प के माध्यम से जानकारी दी जाय।सहकारिता मंत्री ड. धन सिंह रावत ने कहा कि पिछले 5 सालों में राज्य के सहकारी बैंकों में एनपीए में तेजी से कमी की गई है। 5 साल पहले एनपीए लगभग 20 प्रतिशत था, जो अब घटकर 381 प्रतिशत है। सहकारी बैंकों के माध्यम से मोबाईल बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में सभी पैक्स का कंप्यूटराइजेशन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सहकारी बैंकों में आईबीपीएस के माध्यम से भर्तियां की जा रही हैं।बैठक में सचिव आरम़ीनाक्षी सुंदरम, बी.व़ी.आरस़ी पुरुषोत्तम, अपर निबंधक सहकारिता ईरा उप्रेती, एमडी सहकारिता नीरज बेलवाल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# एनएसयूआई के चार पदाधिकारी छह साल के लिए निष्कासित

**देहरादून ।** देहरादून में एनएसयूआई के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की आपसी भिड़ंत का राष्ट्रीय नेतृत्व ने संज्ञान लिया है। उत्तराखंड एनएसयूआई के अध्यक्ष विकास नेगी ने राष्ट्रीय नेतृत्व की संस्तुति पर चार पदाधिकारियों को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

मीडिया को जारी पत्र में उत्तराखंड एनएसयूआई के अध्यक्ष विकास नेगी ने बताया कि भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच की मांग और बेरोजगार युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई की ओर से 13 फरवरी को सचिवालय घेराव किया गया था।

जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन भी मौजूद थे। इस दौरान एनएसयूआई देहरादून के जिलाध्यक्ष सौरव ममंगाई, संदीप



नेगी, जिलाध्यक्ष चमोली आदित्य बिष्ट और अंकित बिष्ट ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस भवन पहुंचकर कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न की और पार्टी विरोधी नारे लगाए। राष्ट्रीय नेतृत्व ने इसका संज्ञान लेते हुए इसे अनुशासनहीनता माना है। इसलिए सभी पदाधिकारियों को छह साल के लिए निष्कासित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

बता दें कि कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई के दो गुटों में भिड़ंत हो गई थी। दोनों तरफ से एक-दूसरे पर जमकर लात-घूसे चले। काफी देर तक हंगामा होता रहा। बाद में सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बीच-बचाव पर मामला शांत कराया था। इस बीच कांग्रेस भवन में प्रदेशस्तर के बड़े नेता भी मौजूद थे। इस घटना से पार्टी की किरकिरी भी हुई थी।

## दिल्ली में श्रद्धा की तरह एक और लडकी की हत्या, प्रेमी ने लाश फ्रिज में छिपाई

**नई दिल्ली एजेंसी,** । यहां मित्राऊं गांव से श्रद्धा हत्याकांड जैसा मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने प्रेमिका की हत्या करने के बाद उसकी लाश ढाबे के फ्रिज में छिपा दी। आरोपी का नाम साहिल गहलोत है और इसी गांव का ही रहने वाला है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक की शादी किसी और लडकघ्री से तय हो चुकी थी। प्रेमिका युवक की शादी में बाधा डाल रही थी। वह नहीं चाहती थी कि साहिल की शादी कहीं और हो। इस बात को लेकर साहिल ने प्रेमिका को बुलाया और उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद लडकघी की लाश ढाबे के फ्रिज में छिपाकर फरार हो गया। उल्लेखनी है कि श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी आफताब ने भी श्रद्धा का शव फ्रिज में ही टुपाया था।

# उद्धव और शिंदे गुट के झगड़े में स्पीकर के अधिकार पर शुरू हुई बहस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट के बीच सत्ता को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में सदस्यों की अयोग्यता कार्यवाही में स्पीकर की शक्तियों पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ में सुनवाई शुरू हुई।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की ओर से रिमूवल नोटिस के लंबित रहने के दौरान स्पीकर के सदस्यों की अयोग्यता पर सुनवाई करने पर रोक की व्यवस्था देने वाले अरुणाचल के नबम रेबिया केस की व्यवस्था को पुनर्विचार के लिए बड़ी पीठ को भेजने की मांग की गई।

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने संविधान और लोकतंत्र में स्पीकर की शक्तियों की दुहाई देते हुए उस फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत पर बल दिया। इस दलील



पर सुनवाई कर रही पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सवाल किया कि स्पीकर के खिलाफ रिमूवल का नोटिस पेंडिंग रहने के दौरान अगर स्पीकर को अयोग्यता कार्यवाही पर निर्णय की इजाजत दी गई तो क्या वह अपनी रिमूवल प्रक्रिया को नहीं प्रभावित कर देगा।

सिब्बल ने जवाब दिया कि स्पीकर अपने रिमूवल की प्रक्रिया प्रभावित नहीं करेगा बल्कि जिन सदस्यों ने स्वेच्छा से पार्टी छोड़ी है उनके खिलाफ कार्यवाही कर सकता है। मामले में बहस बुधवार को भी जारी रहेगी। महाराष्ट्र में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के गुट से अलग होकर असली शिवसेना का दावा करने वाले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के बीच सत्ता पर अधिकार की कानूनी लड़ाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं लंबित हैं। पहली याचिका एकनाथ शिंदे की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई थी जब वह शिवसेना विधायक थे और उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे, एकनाथ शिंदे और उनके साथ बागी हुए 15 विधायकों ने याचिका दाखिल कर तत्कालीन विधानसभा के डिप्टी स्पीकर द्वारा भेजे गए अयोग्यता नोटिस को चुनौती दी गई थी।

शिंदे और अन्य बागी विधायकों का कहना था कि उन्होंने डिप्टी स्पीकर के खिलाफ अविश्वास का नोटिस भेजा है ऐसे में नबम रेबिया केस में दी गई व्यवस्था के मुताबिक नोटिस लंबित रहने तक डिप्टी स्पीकर उनके खिलाफ अयोग्यता शिकायतों पर सुनवाई नहीं कर सकते।

# चारधाम यात्रा का सफर होगा महंगा

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का सफर इस बार महंगा हो जाएगा। सात परिवहन कंपनियों की संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति ने सर्वसम्मति से प्रतिधाम का यात्री किराया पांच प्रतिशत बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस वृद्धि के साथ चारधाम यात्रा का साधारण बस का प्रति यात्री किराया 3,938 रुपये हो जाएगा। अभी तक यह किराया 3750 रुपये प्रति यात्री था।

मंगलवार को सुदामा मार्ग स्थित गढ़वाल मोटर्स अनर्स एसोसिएशन के कम्प्लेक्स में संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति से जुड़ी सात परिवहन कंपनियों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

परिवहन कंपनियों के पदाधिकारियों ने डीजल, पेट्रोल, स्पेयर पार्ट्स, इंश्योरेंस, रोड टैक्स आदि में पिछले दो-तीन सालों में हुई वृद्धि का हवाला देते हुए चारधाम यात्रा का किराया बढ़ाए जाने का सुझाव रखा। बताया कि महंगाई के बाद भी यात्रा किराये में एक पैसे की वृद्धि नहीं की गई।

इससे बस मालिकों को यात्रा में वाहन संचालित करना नुकसान का सौदा साबित हो रहा है। सर्वसम्मति से इस बार चारधाम यात्रा के किराये में 5 प्रतिशत वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। मौके पर संयुक्त रोटेशन अध्यक्ष संजय शास्त्री, जीएमओ अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल, टीजीएमओयू अध्यक्ष जितेंद्र नेगी, रूपकुंड पर्यटन समिति अध्यक्ष भोपाल सिंह नेगी, यूजर्स रामनगर अध्यक्ष हर्षवर्द्धन रावत, जीएमसीसी सचिव अजय बधानी, सीमांत सहकारी संघ अध्यक्ष जगविजय सिंह पंवार, गढ़वाल मंडल बहुउद्देशीय संचालक विनोद भट्ट, संचालक यशपाल राणा, प्रेमपाल बिष्ट, बलबीर सिंह रौतेला, जसपाल सिंह रौतेला, दीपक नेगी, जय बधानी, विनोद भट्ट, जीएमओ जनरल मैनेजर उषा सजवाण, जीएमओ इंचार्ज अरुण रावत, अनिल बरगली, देवेंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

# पुणे में सड़क पार कर रही महिलाओं को कुचला, 5 की दर्दनाक मौत

**पुणे , एजेंसी ।** बड़ी खबर महाराष्ट्र से है। यहां के पुणे में मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां नासिक-पुणे हाईवे पर एक तेज रफ्तार एसयूवी ने सड़क पार कर रहे महिलाओं के समूह को कुचल दिया। इस घटना में पांच महिलाओं की मौत हुई है, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से जख्मी हुई हैं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना सोमवार रात 10.45 बजे शिरोली गांव के करीब हुई। यहां 17 महिलाएं हाईवे पार करने की कोशिश कर रही थीं। ये सभी 50 किमी दूर पुणे शहर से आई थीं और हाईवे के दूसरी तरफ स्थित मैरिज हल में कैटरिंग के काम के लिए जा रही थीं। जब ये महिलाएं सड़क पार कर रही थीं, ठीक उसी वक्त पुणे की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार एसयूवी उनसे टकरा गई।

# अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने ली राजकीय जिला चिकित्सालय समिति की बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में चिकित्सा प्रबंधन समिति राजकीय जिला चिकित्सालय (कोरोनेशन) की संचालन मण्डल समिति की बैठक ली।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। तथा समिति के सदस्यों के साथ विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने निर्देशित किया कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के साथ ही उपचाररत लोगों को गुणवक्तापूर्वक भोजन उपलब्ध कराया जाए, तथा भोजन की निरंतर जांच भी की जाए। उन्होंने चिकित्सालय में अटल आयुषमान कार्ड एवं आयुषमान कार्ड बनने एवं उपयोग की जानकारी प्राप्त की गई जिस पर बताया गया कि चिकित्सालय में कार्ड बनाने हेतु स्टाफ रखा गया है। जिससे आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं वैध अभिलेख दिखाकर कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने चिकित्सालय के बायोमैडिकल वेस्ट के निष्पादन की जानकारी प्राप्त करते हुए इसकी मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने औषधियों की खपत की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा सदस्यों की ओर से टैण्डर प्रक्रिया में शामिल किए जाने के अनुरोध पर उन्होंने समिति के अध्यक्ष से सहमति प्राप्त करने के निर्देश समिति के सचिव प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय को दिए।

## जल निगम पेंशनर्स को मिले संशोधित ग्रेज्युटी का लाभ

देहरादून। उत्तराखंड पेयजल पेंशनर्स एसोसिएशन ने मैनेजमेंट से एक जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2016 के बीच रिटायर होने वाले कर्मचारियों को संशोधित ग्रेज्युटी का लाभ देने की मांग की। एमडी जल निगम से सभी मांगों के निस्तारण को आगामी बोर्ड बैठक में फैसला लेने की मांग की। एसोसिशन के प्रतिनिधिमंडल ने एमडी उदयराज से मुलाकात में कहा कि एक जनवरी 2017 से स्थगित राशिकरण की सुविधा को बहाल किया जाए। जल निगम में अनुकंपा से कार्यरत पारिवारिक पेंशनर्स पाने वालों को सरकारी विभागों की तरह महंगाई भत्ते का लाभ दिलाने पर जोर दिया। कहा कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार 16 कर्मचारियों को 58 वर्ष से बढ़ा कर 60 वर्ष कर रिटायरमेंट के लाभ दिए जाएं। वर्ष 2006 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को सातवें वेतनमान में दिए गए एक ग्रेड पे जोड़कर वेतन निर्धारण का लाभ दिया जाए।

# डीएम और सीडीओ ने लिया सोनी और भैंसर्क गांव का निरीक्षण

### –जी–20 सम्मेलन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिए जरूरी निर्देश

नई टिहरी। डीएम डा सौरभ गहरवार और सीडीओ मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत सोनी व भैंसर्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गांव में सिंचाई पाईप लाईन बिछाने और इच्छुक काश्तकारों को पालीहाउस एवं इंटीग्रेटेड फार्मिंग का लाभ देने के निर्देश दिए। वन पंचायतों के कार्य भी प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए। डीएम ने गांव में जी–20 सम्मेलन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जी–20 सम्मेलन के दौरान अपने उत्तराखंड की संस्कृति, रीति रिवाज, खानपान, पहनावा व लोक कला आदि को आगे लाने का एक अच्छा मौका है। जी 20 कामों को लेकर सीडीओ को ड्रोन सर्वे करवाने को कहा। कहा कि जो भी कार्य किये जाने हैं, उनका 3डी डिजाइन एवं पीपीटी तैयार करवा लें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायती घर, स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र व गढ़वाल की शैली में बने घर का मौका मुआवना कर आगंतुकों का स्वागत से लेकर सम्मेलन के खत्म होने तक की सभी व्यवस्थाओं को लेकर प्लान कर लें। प्लान पर अभी से काम शुरू कर दें। जी 20 के कामों को अधिकारी प्राथमिकता से बिना लापरवाही के करें। इस मौके पर डीडीओ सुनील कुमार, सीएओ अभिलाषा भट्ट, डीपीआरओ एमएम खान, एडीपीआरओ राकेश आदि मौजूद रहे।

## मुफ्त स्वास्थ्य शिविर में हुई 130 मरीजों की जांच

देहरादून। आयुर्वेद परिषद की ओर से वैद्यकुलम आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं पंचकर्म केंद्र पथरी बाग में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 130 रोगियों की मुफ्त जांच एवं दवा दी गई। 30 बच्चों को स्वर्णप्राशन संस्कार किया गया और 15 रोगियों का अग्निकर्म करके उन्हे तुरंत दर्द में लाभ दिया गया। चैयरमेन वैद्य शिवम वैध एवं संचालक वैद्य मेघा बहुगुणा समेत बीएएमएस के 14 छात्र–छात्राओं का सहयोग रहा।



## डीजीपी अशोक कुमार ने की राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में डीजीपी अशोक कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने डीजीपी से प्रदेश की कानून एवं व्यवस्था सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर जानकारी ली।

## रिटायर वैज्ञानिक के घर लाखों की चोरी

देहरादून। अंतरिक्ष विज्ञान केंद्र के रिटायर वैज्ञानिक के बंद घर में लाखों रुपये की चोरी हो गई। 22 जनवरी से बंद घर का ताला तोड़कर चोर पौने दो लाख रुपये नगदी और कीमती गहने चुरा ले गए। इससे पहले हाल में रायपुर थाना क्षेत्र के सहस्त्रधारा रोड और पटेलनगगर थाना क्षेत्र के बड़ोवाला में बंद घरों में लाखों रुपये गहने चोरी हुए। शहर में तीन दिन में चोरी की दिन बड़ी वारदातों से पुलिस दबाव में है। अंतरिक्ष विज्ञान केंद्र से रिटायर डा. दयानंद पंत का परिवार बल्लूपुर स्थित मानसरोवर कॉलोनी में रहता है। वह बीते 22 जनवरी को घर का ताला लगाकर परिवार समेत हैदराबाद चले गए। 13 जनवरी को वापस लौटे तो घर के अंदर कमरों के ताले टूटे मिले। अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

# डीएम अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय बालश्रम परियोजना समिति की बैठक



हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को रोशनाबाद स्थित विकास भवन सभागार में राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना समिति, जिला कार्यबल व बाल श्रम बचाव दल तथा बाल/किशोर श्रम उन्मूलन समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी को सहायक श्रम आयुक्त हरिद्वार एस0एस0 रांगड़ ने जनपद में बाल/किशोर श्रम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। विनय शंकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में संचालित प्रतिष्ठानों, कारखानों आदि में बाल श्रम पर कड़ी नजर रखी जाये तथा जो बाल श्रम लेते हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाये। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में जितने भी ईंट–भट्ठे संचालित हो रहे हैं, उन सभी में कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बैठक में भगवानपुर क्षेत्र का उल्लेख करते हुये कहा कि बाल श्रम के मामले में इस क्षेत्र पर विशेष निगाह रखने की जरूरत है तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय–समय पर भगवानपुर क्षेत्र में रेस्क्यू टीम द्वारा छापेमारी की कार्यवाही भी करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पी0एल0 शाह, संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की अभिनव शाह, प्रोवेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया, सीईओ के0के0 गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी टी0आर0 मलेठा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी रूड़की, हरिद्वार धर्मराज एवं वी0पी0 जुयाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परमेश्वर राठौर सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### हंस फाउंडेशन ने जागरुकता अभियान चलाया

नई टिहरी। हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने चंबा ब्लॉक के खंडकरी गांव के विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाकर बालिकाओं को मासिक के धर्म के बारे में जानकारी दी। साथ ही खंडकरी गांव में स्वास्थ शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों के स्वास्थ जांच की जांचकर उन्हें निशुल्क दवा बांटी। मेडिकल टीम ने राइंका और उमावि खंडकरी की छात्रों को मासिक धर्म के दौरान साफ–सफाई रखने तथा खानापान को लेकर जागरुक किया। टीम की डॉ. मनुबाला ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान दिन में कम से कम तीन लीटर पानी पीने, पोष्टिक भोजन करने, के साथ सेनेटरी पैड का उपयोग जरुर करना चाहिए। टीम में राहुल कैंतुरा, भारती बधानी, गोदाबंरी बिजल्वाण,अजय चोकियाल, कुलवीर पुंडीर आदि शामिल थे।

### सूरज पंवार ने 20 किलोमीटर वाकिंग में जीता रजत पदक

देहरादून। रांची झारखंड में आयोजित हुई 10वीं नेशनल रेस वाकिंग एथलेटिकस चैंपियनशिप 2023 में स्पोर्ट्स एक्सीलेंसी देहरादून के सूरज पंवार ने बीस किलोमीटर वाकिंग में रजत पदक प्राप्त किया है। उन्होंने 1 घंटा 20 मिनट 11 सेकंड का समय निकालकर संदीप सिंह के राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा है। इस उपलब्धि के साथ सूरज पंवार ने एशियन गेम्स 2023, वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023, ओलंपिक गेम्स 2024 और जापान में आयोजित होने जा रही एशियन चैंपियनशिप समेत चार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के मानकों को पार किया है।

इसी स्पर्धा में चमोली के परमजीत सिंह ने चौथा स्थान प्राप्त कर एशियन चैंपियनशिप के लिए अपना स्थान पक्का किया है। स्पोर्ट्स एक्सीलेंसी देहरादून की ही कुमारी मानसी नेगी ने 10 किलोमीटर रेस वाकिंग में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही इस आयु वर्ग में रेस वाकिंग का नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किया है।

# रुद्रप्रयाग पहुंचा आशा फेसिलिटेटर दल

रुद्रप्रयाग। गढवाल मंडल की सर्वश्रेष्ठ आशा व आशा फेसिलिटेटर का 30 सदस्यीय दल रुद्रप्रयाग पहुंच गया। इस दौरान दल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के साथ ही जनपद के बेहतर स्वास्थ्य सूचकांक को सुधारने को लेकर चर्चा करेगा।

साथ ही जनपद में आशा के माध्यम से अपनाई गई तकनीक या कौशल का भी अध्ययन करेगी। एक्सपोज विजिट को लेकर गांवों में रवाना होने से पहले दल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचसीएस मतीलिया के साथ बैठक की।

सीएमओ ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य सूचकांक के आंकलन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर जनपद रुद्रप्रयाग को गढवाल मंडल के एक्सपोजर विजिट के लिए चुना गया। बताया गया कि एक्सपोजर विजिट में गढवाल मंडल के हर जनपद से 2 सर्वश्रेष्ठ आशा व एक आशा फेसिलिटेटर को इस भ्रमण के लिए चुना गया है।

भ्रमण दल में शामिल आशा कार्यक्रम के राज्य समन्वयक सूरज सिंह तोमर ने बताया कि पांच दिवसीय भ्रमण में मातृत्व स्वास्थ्य के ए0एन0सी0, बर्थ प्लान, संस्थागत प्रसव, मातृ मृत्यु सूचना, शिशु स्वास्थ्य, एच0बी0एन0सी0, एच0बी0वाई0सी0, शिशु मृत्यु सूचना, टीकाकरण, महिला व पुरूष नसबंदी, दो बच्चों के जन्म के बाद स्थाई नियोजन, अंतरा इंजेक्शन आदि को लेकर हर छह माह में घरों का सर्वे करना, प्रतिमाह जन्म व मृत्यु का रिर्कोड, प्रतिमाह गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार करना, टीकाकरण की सूची तैयार करना, लक्ष्य दम्पति की सूची को अपडेट करना, ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक आयोजन आदि नियमित गतिविधियों को लेकर जानकारी ली जाएगी। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भ्रमण भी किया जाएगा। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं, डॉ. आशुतोष, डीपीएम हिमांशु नौटियाल, डीसीएम रुद्रप्रयाग हेमलता गैरोला, डीसीएम चमोली नरेश देवराड़ी, डीसीएम उत्तरकाशी सीमा अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## आजादी में दयानंद सरस्वती के योगदान को याद किया

देहरादून। स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में स्वतंत्रता आंदोलन में स्वामी दयानंद सरस्वती एवं आर्य समाज का योगदान विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. रवि शरण दीक्षित ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने आमजन को स्वतंत्रता के जागरूक करने का यथायोग्य प्रयास किया। उन्होंने स्वाधीनता एवं स्वराज के लिए निर्भीक होकर एकजुट होने का आह्वान किया। दयानंद सरस्वती ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में स्वधर्म की स्थापना के लिए सभी को प्रेरित किया। कन्या गुरुकुल परिसर की समन्वय प्रो रेणू शुक्ला ने कहा की आज नई पीढ़ियों तक स्वामी दयानंद के मूलमंत्र को पहुंचाने के साथ उनके दिखाए मार्ग पर चलने की अवश्यकता है।



## बार एसोसिएशन देहरादून चुनाव के लिए नामांकन शुरू

देहरादून। बार एसोसिएशन देहरादून के चुनाव के लिए आज नामांकन हो रहे हैं। नामांकन की प्रक्रिया दोपहर 2 बजे तक चलेगी। चुनाव प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता एलवी गुरुंग ने बताया कि अभी तक कई प्रत्याशियों ने नामांकन कर दिया है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कल नाम वापसी और इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी।

# महिलाओं से घरेलू हिंसा सभ्य समाज पर कलंक: वरुणा

विकासनगर। बाल विकास परियोजना सहसपुर की ओर से मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ही ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी (प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी ) वरुणा अग्रवाल ने कहा कि घरेलू हिंसा सभ्य समाज पर एक कलंक है। इसे दूर करने के लिए खुद महिलाओं को ही आगे आना होगा। अपने अधिकारों को लेकर महिलाओं का जागरूक होना जरूरी है। कहा हिंसा करना अपराध है, लेकिन हिंसा को सहना और उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाना भी अपराध है। उन्होंने कहा कि घर की चाहरदीवारी प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुरक्षित मानी जाती है, जब चाहरदीवारी के अंदर ही महिला सुरक्षित नहीं रहेगी तो बाहर सुरक्षा की कल्पना करना बेमानी है। उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा के खिलाफ कानून में दिए गए प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही बताया कि अपने अधिकारों की रक्षा के लिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है।

लिहाजा बेटियों को उच्च शिक्षित करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता गीता मौर्य ने महिलाओं को स्वरोजगार की योजनाओं की जानकारी दी। बाल विकास

## विस बर्खास्त कर्मचारियों ने पुलवामा हमले के शहीदों की याद में कैंडिल मार्च

देहरादून। विधानसभा से बर्खास्त कार्मिकों ने अपने अनिश्चितकालीन धरने पर जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए हमले की चौथी बरसी पर शहीद हुए जवानों को अपनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कैंडल मार्च निकालकर हमले में शहीद सीआरपीएफ के 40 जवानों को याद कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि पुलवामा में शहीद हुए अमर जवानों की बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान को प्रत्येक भारतीय कभी भूला नही पायेगा। उन्होंने कहा कि देश उनके सर्वोच्च बलिदान का हमेशा ऋणी रहेगा।

इस दौरान पेंटिंग के माध्यम से देश के जवानों की शहादत को दर्शाया।

# बेरोजगारों की रिहाई और भर्ती घपलों की सीबीआई जांच को आंदोलन रहा जारी



देहरादून। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार और देवभूमि बेरोजगार मंच के अध्यक्ष राम कंडवाल सहित 13 बेरोजगारों की रिहाई की मांग पर बेरोजगारों का कचहरी स्थित शहीद स्मारक पर धरना जारी है। हालांकि अब स्मारक के गेट और आसपास से पुलिस का पहरा कम कर दिया गया है। रोजाना की तरह मंगलवार से कचहरी स्थित शहीद स्मारक पर बेरोजगारों का प्रदर्शन शुरू हो गया। उनकी मांग थी कि जेल में बंद बेरोजगारों को रिहा किया जाए। उन पर दर्ज मुकदमे वापस हों और सभी भर्तियों की सीबीआई जांच हो। ताकि असल गुनहगार सामने आ पाए। दोपहर में वहां सीमित संख्या में बेरोजगार प्रदर्शन करते रहे।

## शीशमबाडा प्लांट स्थानांतरण को लेकर विधायक से मिले पछुवादून संयुक्त समिति



विकासनगर। शीशमबाड़ा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के खिलाफ स्थानीय लोग फिर से एकजुट होने लगे हैं। पछुवादून संयुक्त समिति प्लांट ने सहसपुर विधायक से मुलाकात कर प्लांट स्थानांतरित करने की मांग की है। समिति ने विधायक से पूछा कि नगर निगम ने प्लांट को शिफ्ट करने का प्रस्ताव एक साल पहले पारित कर चुका है, लेकिन अभी तक प्लांट हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। समिति ने विधायक से जिला प्रशासन, नगर निगम, प्राक्कलन समिति की संयुक्त बैठक बुलाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी है कि प्लांट शिफ्ट न होने पर क्षेत्र की जनता आंदोलन को मजबूर होगी। मंगलवार को पछवादून संयुक्त समिति का प्रतिनिधिमंडल शीशमबाड़ा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की समस्या और स्थांनातरण को लेकर स्थानीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर से मिला। समिति ने विधायक पुंडीर से पूछा कि पिछले साल 25 अप्रैल को नगर निगम की बैठक में प्लांट स्थानांतरण का प्रस्ताव पारित हुआ था। प्लांट स्थानांतरण के लिए जगह तलाशने की कमेटी गठित की गयी। लेकिन कोई ठोस नतीजा अब तक क्यों सामने नहीं आया। कहा कि समिति कोर्ट व एनजीटी में मामला पहुंचा चुकी है।समिति ने कहा कि प्लांट का संचालन पुरानी कंपनी को बदलकर नई कंपनी को सौंपा गया। लेकिन प्लांट के संचालन में कोई सुधार नहीं आया।

## ऋषिकेश में जिओ की 5जी सेवा शुरु

ऋषिकेश। उत्तराखंड के हल्द्वानी और रुद्रपुर के साथ ही ऋषिकेश में भी मंगलवार को जियो ट्रू 5जी सर्विस लॉन्च हो गई हैं। अब ऋषिकेश के जिओ उपभोक्ताओं के मोबाइल में 5जी के नेटवर्क आने लगे हैं। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून, हरिद्वार और रुड़की शहर में पहले ही जियो की ट्रू 5जी सर्विस शुरू की जा चुकी हैं। मंगलवार को ऋषिकेश, हल्द्वानी–काठगोदाम और रुद्रपुर में भी जियो ट्रू5जी सर्विस लांच हो गई।

## ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जों के खिलाफ गरजे बादामावाला के ग्रामीण

विकासनगर। ग्राम पंचायत बादामावाला के जीतगढ गांव में ग्राम समाज की जमीन पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे किये जाने की ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से शिकायत की है। ग्रामीणों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर भूमाफिया और तहसील प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि ग्राम समाज की जमीन से अवैध कब्जे नहीं हटाए जाते हैं ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बादामावाला के उपप्रधान रोहित चौहान के नेतृत्व में तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। तहसील प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत बादामावाला के जीतगढ गांव में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे किए जा रहे हैं। पूर्व में भी गांव की जमीन पर कब्जे किए गए। चार माह पहले ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से शिकायत की थी, जिस पर तहसील प्रशासन ने मौके पर राजस्व कर्मियों को भेजकर जमीन से अवैध कब्जे हटाए थे। लेकिन अब फिर से भूमाफिया ने ग्राम समाज की जमीन घेरने लगे हैं।

## विचार मंच ने उठाई जंगली जानवरों के आतंक से निजात की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नरेंद्र भाई मोदी विचार मंच के सदस्यों ने पौड़ी जिले के ग्रामीणों क्षेत्रों में बन्दर व लंगूर सहित अन्य जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक पर चिंता व्यक्त की है।

इस संबध में मंच के पदाधिकारियों की ओर से उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि जंगली जानवरों के आतंक के कारण चलो गांव की ओर का संकल्प ध्वस्त हो रहा है।

काश्तकार खेती से विमुख हो रहा है और खेती न होने के कारण लोग पहाड़ से पलायन कर रहे हैं। इसलिए इस संबध में सरकार को ठोस नीति बनानी होगी। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, अनूप बिष्ट, सुभाष कुकरेती, बलवान सिंह रावत और सुरेश रावत आदि थे।---

# कोटद्वार- दुगड्डा के मध्य संभलकर करें सफर, हादसों को न्योता दे रहे डेंजर जोन

## कोटद्वार–दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने हैं पांच से अधिक डेंजर जोन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य का सफर कब यात्रियों की जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। हालत यह है पंद्रह किलोमीटर के इस सफर में पांच से अधिक डेंजर जोन बने हुए हैं।

कई स्थानों पर पहाड़ी से बोल्डर लुढ़कने की स्थिति बनी हुई है।

लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी सिस्टम राष्ट्रीय राजमार्ग मरम्मत की सुध नहीं ले रहा।

मैदान से पहाड़ को जोड़ने वाले नजीबाबाद–बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार–दुगड्डा के मध्य हर रोज सैकड़ों वाहन आवाजही करते हैं। लेकिन, वर्तमान में उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है। बरसात के दौरान बने पांच से अधिक डेंजर जोन की विभाग ने सुध तक नहीं ली।

नतीजा, यह डेंजर जोन कब यात्रियों की जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। यही नहीं, दुर्गा मंदिर से आधा किलोमीटर पहले बने डेंजर जोन से लगातार बोल्डर गिरने का दौर जारी है।

पहाड़ी से गिर रहे पत्थर कई बार चारपहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त कर चुके हैं।

ऐसे में सबसे अधिक चिंता दोपहिया वाहन चालकों को बनी रहती है। करीब एक वर्ष पूर्व करोड़ों की लागत से हाईवे पर करवाया गया डामर भी पूरी तरह गायब हो चुका हैं।

### इन स्थानों पर है डेंजर जोन

कोटद्वार से दुगड्डा 15 किलोमीटर के सफर में पहला डेंजर जोन सिद्धबली के समीप पुलिया से चंद कदम की दूर पर बना है। इसके उपरांत लालपुल से करीब एक किलोमीटर आगे भी डेंजर बना बना हुआ है। पांचवे मील के समीप भी राष्ट्रीय राजमार्ग का कुछ हिस्सा बरसात के बाद से गायब पड़ा हुआ है। आमसौड़ से करीब दो किलोमीटर पहले सबसे बड़ा डेंजर जोन है। जहां पहाड़ी से बोल्डर गिरने का खतरा रहता है और नीचे गड्ढों के बीच से वाहन गुजरते हैं। यही स्थिति दुर्गामंदिर से आधा किलोमीटर पहले भी बनी हुई है। कुछ दिन पूर्व गड्ढे की चपेट में आने से एक दोपहिया वाहन चालक भी घायल हो गया था।

राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति को सुधारने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। डामरीकरण व डेंजर जोन मरम्मत के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। बजट मिलते ही मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया जाएगा....अरविंद जोशी, अपर सहायक अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग



कोटद्वार—दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर डेंजर जोन से गुजरते वाहन

# भर्ती घोटालों के खिलाफ युवा व अभिभावकों ने किया प्रदर्शन

## प्रदेश में लगातार हो रहे घोटालों पर जताई नाराजगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** /सतपुली : प्रदेश में लगातार हो रहे भर्ती घोटालों पर युवाओं व अभिभावकों ने रोष व्यक्त किया है। मंगलवार को अभिभावकों व युवाओं ने सतपुली में आक्रोश रैली निकालते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि प्रदेश में युवाओं की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान बेरोजगार युवाओं पर दर्ज मुकदमों को भी वापस लेने की मांग उठाई गई।

मंगलवार को नगर पंचायत सतपुली में आक्रोश रैली निकाली गई। युवा व उनके अभिभावकों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बेरोजगारों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग उठाई। कहा कि प्रदेश सरकार भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच करवाने के बजाय युवाओं का शोषण कर रही है। युवाओं पर डंडों से हमला कर आंदोलन को समाप्त करने का दबाव बनाया गया। कहा कि सरकार ने अब भी बेरोजगार संगठन के सदस्यों को जेल में डाला हुआ है।

युवाओं ने सतपुली तहसील में पहुंचकर उपजिलाधिकारी संदीप कुमार के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजते हुए जल्द मुकदमों को वापस लेने की मांग उठाई। कहा कि यदि जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो युवा एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर छात्रसंघ के विवि प्रतिनिधि अभिषेक कुमार, शुभम रावत, मयंक धस्माना, विशाल लखेड़ा, रोहन नेगी, सुरजन सिंह, चंद्रमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।



सतपुली बाजार में भर्ती घोटालों के विरोध में प्रदर्शन करते युवा व अभिभावक।

## गर्मी से पहले होने लगी पेयजल किल्लत

**पौड़ीः** गर्मी अभी शुरू भी नहीं हुई है और शहर में पेयजल किल्लत शुरू होने लगी है। जिस पर मंगलवार को नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने जल संस्थान विभाग के सहायक अभियंता का घेराव किया। इस दौरान समिति ने पेयजल आपूर्ति सुचारू करने व उपभोक्ताओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग उठाई है।मंगलवार को नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने जल संस्थान विभाग के सहायक अभियंता का घेराव किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों का कहना था कि अभी गर्मी शुरू भी नहीं हुई है और शहर में पेयजल किल्लत शुरू होनी लगी है। जिससे उपभोक्तओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि कई स्थानों पर लीकेज होने से पेयजल सड़को पर बह रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को पेयजल किल्लत से दो चार होना पड़ रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने सहायक अभियंता सोहन सिंह जेठूड़ी से अनियमित पेयजल आपूर्ति को ठीक करने की मांग उठाई। सहायक अभियंता ने कहा कि पेयजल किल्लत से निजात दिलाने के हरसंभव मदद की जा रही है। कहा कि शहर के लिए श्रीनगर से पेयजल आपूर्ति करने वाली पंपिंग योजना में आए दिन खराबी होने से पेयजल किल्लत होती है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गब्बर सिंह नेगी, एससी बड़थ्वाल, अनीता रावत, गिरीश बड़थ्वाल आदि शामिल थे।

# भाषण प्रतियोगिता में ऋतु कुकरेती रही अव्वल



प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में रोवर्स/रेंजर्स के लिए आयोजित भाषण प्रतियोगिता में ऋतु कुकरेती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर मुरलीधर कुशवाह एवम समस्त रोवर्स/ रेंजर्स प्रभारी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। उपस्थित छात्रों/छात्राओं में से नवीन पंजीकृत करके स्काउट एंड गाइड की प्रार्थना और गाइड ताली समझाई एवम आगे के लिए प्रोत्साहित किया। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में रोवर्स/रेंजर्स ने पूर्ण उत्साह दिखाते हुए प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रोफेसर मुरलीधर कुशवाह ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें वसुधेव कुटुंभकम की भावना से ओतप्रोत होकर पर्यावरण को भी स्वच्छ रखना होगा आपने अपनी कविता के ज़रिए पर्यावरण को परिवार की तरह मानने की अपील की। रोवर्स रेंजर्स छात्रों की ओर से ऋतु कुकरेती ने प्रथम, नैंसी रावत ने द्वितीय, अदीप राज ने तृतीय पुरस्कार तथा तान्या रावत, सिखा भारद्वाज और पूर्णिमा नेगी ने सांत्वना पुरस्कार जीता। कार्यक्रम का संचालन क्रमश रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर सुषमा थलेडी एवम रोवर्स प्रभारी डॉक्टर जुनीश कुमार द्वारा किया गया। डॉक्टर थलेड़ी ने छात्रों से बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए कहा क्रमश डॉक्टर जुनीश ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से भविष्य को निखारा जा सकता है। रोवर्स/रेंजर्स समिति के सदस्यों डॉक्टर अरुणिमा मिश्र, डॉक्टर सुरभि मिश्रा एवम डॉक्टर हीरा सिंह ने प्रतियोगिता में जज की भूमिका निभाई और अपने अपने विचार भी व्यक्त किए। अंत में प्राचार्य प्रोफेसर मुरलीधर कुशवाह ने विजय छात्रों को पुरस्कृत किया और डॉक्टर थलेड़ी मेम ने सभी का धन्यवाद किया।

# पौड़ी की पीहू नेगी ने जीता स्वर्ण पदक




राजस्थान में स्वर्ण पदक के साथ पीहू नेगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : खेल विभाग की प्रशिक्षणार्थी पीहू नेगी ने संवाई मान सिंह स्टेडियम जयपुर राजस्थान में आयोजित अंडर–15 वर्ग में योनैक्स संनराईज ऑल इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। पीहू की इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी, जिला बैडमिंटन संघ, खेल प्रेमियों, शहरवासियों ने खुशी जताई है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि 5 से 12 फरवरी तक संवाई मान सिंह स्टेडियम जयपुर राजस्थान में योनैक्स संनराईज ऑल इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसमें पीहू नेगी ने उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। बताया कि इससे पूर्व भी पीहू नेगी कई पदक अपने नाम कर चुकी है। बताया कि साल 2022 में पीहू ने स्टेट युगल वर्ग प्रतियोगिता में ईस्ट जोन चैंपियन का खिताब अपने नाम किया और उत्तराखंड की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए भुवनेश्वर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।

# सदुपयोग के साथ शतप्रतिशत खर्च करें धनराशि

## जिला योजना की समीक्षा बैठक में बोले प्रभारी मंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** जनपद के प्रभारी व प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास ने वीसी के माध्यम से जिला योजना की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने जिला योजना के तहत आवंटित धनराशि का आगामी मार्च तक शतप्रतिशत सदुपयोग करते हुए कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए है।

मंगलवार को आयोजित जिला योजना की बैठक में प्रभारी मंत्री ने लोनिवि व वन विभाग को भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाने के निर्देश दिए है। उन्होंने माह जनवरी तक जिला योजना में शत प्रतिशत व्यय करने वाले सात विभागों शिक्षा, दुग्ध विकास, संस्कृति, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, सहकारिता व ग्रामीण लघु उद्योग विभागों को बधाई दी। वहीं अन्य विभागों को कार्य गुणवत्ता के साथ आगमी मार्च माह तक पूरा करने के निर्देश दिए है। विधायक लैंसडाउन महंत दलीप रावत ने बताया कि पहाड़ों में मत्स्य पालन की अपार संभावना है लेकिन मौसम ठंडा होने के कारण वर्तमान में उपलब्ध मछलियों की प्रजातियां अच्छे से ग्रोथ नहीं कर पा रही है। जिस पर प्रभारी मंत्री ने मत्स्य विभाग के अधिकारी को यहां की ठंड के अनुरूप अच्छे तरीके से पनपने और ग्रोथ करने वाले मछलियों की अन्य प्रजातियों को तलाशने के निर्देश दिए हैं।

प्रभारी मंत्री ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी जिला योजना में पर्यटन विभाग सैकड़ो छोटी–छोटी योजनाओं को शामिल करने की जगह एक या दो बड़ी योजनाओं को शामिल करना सुनिश्चित करें। ताकि धन की उपयोगिता के साथ एक–एक पर्यटक स्थलों का विकास व्यवस्थित रूप से हो सके। बैठक में जिलाधिकारी डॉ आशीष चौहान ने बताया कि जिला योजना के तहत जनवरी 2023 तक 88 करोड़ के अनुमोदित परिव्यय के सापेक्ष 61 करोड़ 76 लाख रुपये का व्यय किया गया है जो कि अवमुक्त धनराशि का लगभग 70 प्रतिशत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करते हुए मार्च 2023 तक जिला योजना की वित्तीय और भौतिक प्रगति को शत–प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र चौहान, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम सलोने, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ डीएस बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, जिला उद्यान जिला डॉ डीके तिवारी, पंचायत राज अधिकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी व वीसी के माध्यम से अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



जिला योजना की समीक्षा बैठक में भाग लेते अधिकारी

# बेहत खेती के साथ पर्यावरण संरक्षण पर हुई चर्चा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान की अध्यक्षता में ग्रीन एग्रीकल्चर परियोजना के छठे चरण की तकनीकि मार्गदशक समिति की अर्धवार्षिक बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान पहाड़ों में बेहतर खेती, पर्यावरण संरक्षण के साथ ही कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में उप परियोजना निदेशक जलागम डॉ0 सिद्वार्थ शंकर श्रीवास्तव और संबंधित विभागीय अधिकारियों और एजेंसियों द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, वन कृषि, जल–भूमि संरक्षण, कृषि व नॉन कृषि आधारित गतिविधियों, पशुपालन इत्यादि को बढावा देने तथा मानव–वन्य जीव सघर्ष रोकथाम व जलवायु परिवर्तन के आजीविका व कृषि पर पडने वाले दुष्प्रभावों की रोकथाम के संबंध में तैयार की गयी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रस्तुतीकरण का अवलोकन के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी गढ़वाल, मुख्य कृषि अधिकारी, उप परियोजना प्रबंधक जलागम तथा संबंधित विशेषज्ञों को कार्ययोजना में आंशिक बदलाव करने के लिए मार्केट सर्वे तथा मांग व आपूर्ति की प्रक्रियाओं, व्यावहारिक व स्थानीय संसाधन सक्षमता को ध्यान में रखते हुए बड़े स्तर पर सार्वजनिक लाभ तथा पर्यावरण और आजीविका के संतुलित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि अभिसरण (कन्वर्जेंस) के माध्यम से ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा दे जिससे इकोलॉजी और लोगों की इकॉनमी दोनो का संतुलन बना रहे तथा कार्ययोजना को दूरगामी और कम प्रक्रिया से बेहतर आउटकम आधारित नजरिये से बनायें। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा ग्रीन एग्रीकल्चर क्षेत्र में कार्य करने वाले अनुभवी लोगों से फीडबैक भी प्राप्त किया तथा बेहतर फीडबैक को कार्ययोजना में शामिल करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिये। ग्रीन एग्रीकल्चर परियोजना (जैफ) वर्ष 2019–20 से चल रही है तथा 2025–26 तक चलेगी। यह परियोजना 05 राज्यों उत्तराखण्ड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिसा व मिजोरम में चलायी जा रही है। उत्तराण्ड में यह जनपद पौड़ी के तीन विकासखण्डों यमकेश्वर, जयहरीखाल व दुगड्डा की 36 ग्राम पंचायतों में संचालित हो रही है। जिसमें कुल 16137 जनसंख्या आच्छादित है। परियोजना के अंतर्गत भारत में कृषि क्षेत्र में जैव विविधता, मृदा एवं भूमि प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन प्रभाव को कम करने एवं सतत् वन प्रबंधन, प्राथमिकताओं व पद्धतियों को समोकित करते हुए संस्थागत व ढ़ाचा संरचनाओं को मजबूत करना शामिल है। साथ ही मानव–वन्यजीव संघर्ष को न्यूनतम करना भी शामिल है। इस दौरान बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्ध, उप परियोजना निदेशक जलागम डॉ0 सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, ग्राम प्रधान धारकोट प्रहलाद सिंह, मल्ला बनास बच्चन सिंह बिष्ट, रामजीवाला अंजू देवी, सामाजिक विशेषज्ञ गीता रावत, जैफ यूनिट अधिकारी सोहनलाल सहित संबंधित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।



बैठक में भाग लेते अधिकारी।

## केदारनाथ यात्रा का संचालन अच्छे ढंग से करेंः डीएम

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अफसरों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की तर्ज पर वे केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं का संचालन करें। यात्रा के दौरान संबंधित विभागों द्वारा अच्छी तरह कार्य किया जाए सके इसके लिए अफसरों को यात्रा के लिए उचित प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि यात्रा के समय उन्हें कोई दिक्कत न हो।

# एससी वर्ग के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभः मुकेश



अल्मोड़ा। अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिये किये जा रहे कार्यों की मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

इस मौके पर बैठक में मौजूद एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने अधिकारियों को अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति के लिए संचालित सभी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं में एससीपी (स्पेशल कंपोनेंट प्लान) का ध्यान रखा जाए और इसके अनुरूप अनुसूचित जाति के कल्याण के लिये कार्य किया जाय।

इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के उत्पीड़न के मामलों की समीक्षा कर सामाजिक सौहार्द को बनाने रखने के लिए पर्याप्त कदम उठाने, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्राइवेट स्कूलों में नियमानुसार प्रवेश मिलने समेत आउटसोर्स के माध्यम से कार्मिकों की तैनाती में शासन की ओर से दिए गए आदेशों का पालन करते हुए आरक्षण के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिए।

## एक घटना में सिर्फ एक एफआईआर दर्ज हो : एसपी

चम्पावत। चम्पावत पुलिस लाइन में एसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी और सैनिक सम्मेलन आयोजित किया। यहां उन्होंने पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि एक घटना में सिर्फ एक एफआईआर दर्ज की जाए। मंगलवार को हुई अपराध गोष्ठी में एसपी ने मादक पदार्थों की बरामदगी में अहम भूमिका निभाने वाले 14 पुलिसकर्मियों को सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य तो डीआईजी कुमाऊं की ओर से सम्मानित किए गए। साथ ही 10 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

# बाजार में खुले में बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों की होगी जांच

पिथौरागढ़। नगर के बाजार में खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थो की अब प्रशासन जांच करेगा। सीमांत में टायफाइड–पीलिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रशासन ने निर्णय लिया है। मंगलवार को नगर के टकाना स्थित जिलाधिकारी कक्ष में डीएम रीना जोशी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान डीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नगर में बढ़ रहे टायफाइड, पीलिया के मामलों को लेकर चर्चा की। उन्होंने बढ़ती बीमारियों पर चिंता जताते हुए दूषित पानी की रोकथाम के लिए पेयजल और जल संस्थान के अधिकारियों को



पानी की टंकियों की सफाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा जनपद के बाजारों में खुले में बिक रहे विभिन्न खाद्य पदार्थो के भी सैंपल लेकर जांच करने को कहा है। यहां एसडीएम सदर अनुराग आर्य, सीएमओ एचएस ह्यांकी, मुख्य शिक्षाधिकारी अशोक कुमार जुकरिया, अधिशासी अभियंता जल निगम आरएस धर्मशक्तू, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. पंकज जोशी सहित कई अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

## पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग मुखर



बागेश्वर। लोकतांत्रित तरीकों से चलाए गए धरना प्रदर्शनों की ताकत से बने उत्तराखंड में नकल माफियाओं का राज चल रहा है। इस पर अंकुश लगाने व पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग और तेज होने लगी है। विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने जिलाधिकारी के माध्मय से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लने की मांग की है। राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में उनका कहना है कि उत्तराखंड के नौजवानों द्वारा चलाए जा रहे धरने–प्रदर्शन को कुचलने के लिए राज्य सराकार अलोकतांत्रित तरीका अपना रही है। प्रदेश में पेपर लीक प्रकरण वर्ष 2020 से चल रहा है। उन्होंने पुलिस भर्ती, एसएसएससी, विधानसभा भर्ती घोटाला समेत हेलंग प्रकरण की सीबीआईजा चं जांच की मांग उठ चुकी है। इसके अलावा जोशीमठ के पीड़ितों का पुनर्ववास करने में भी सरकार असफल रही है। इसका प्रमाण जोशीमठ से दिल्ली जंतर–मंतर तक चल रहा जोशीमठ बचाओ आंदोलन है। उत्तराखंड आर्थिक रूप से निम्न स्तर वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति चिंताजनक बनी है।

## महिलाओं की सामाजिक स्थिति पर गोष्ठी आयोजित

रुद्रपुर। मोनाल वेलफेयर सोसाइटी ने मंगलवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान समाज सेवा से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हेमा सोनकर व डॉ. नीता सक्सेना ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर महिला उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं जो सराहनीय है। महिलाएं देश के विकास में भी भूमिका निभा रही हैं, जिससे देश का नाम भी उंचा हो रहा है। उन्होंने कहा कि विचार गोष्ठी का आयोजन कैसे हो मेरे सपनों का उत्तराखंड एवं वर्तमान परिवेश में महिलाओं की सामाजिक स्थिति विषय पर किया गया।

# जिलाधिकारी ने ली अधिकारियों की बैठक

नैनीताल । सरोवर नगरी नैनीताल में लीकर की खाली बोतलों पर मिलेगा अब दस रूपये का रिफन्ड, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने ली बैठक जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वेस्टेज प्लास्टिक एवं मदिरा की खाली बोतलों का जहॉ–तहॉ फेकने पर नियंत्रण लगाने के हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने कहा कि नैनीताल को पर्यटन की दृष्टि से स्वच्छ एवं साफ बनाने के लिए सबको साथ मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि शहर में प्रतिदिन बिकने वाली



शराब का सही डाटा बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रीसाइक्लिंग संस्था से समन्वय बनाते हुए शराब की बोतलों पर क्यू आर कोड लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता द्वारा खरीदी हुई बोतल पुनः सम्बन्धित दुकानों पर बने वेस्ट मैटरियर कलेक्शन सेन्टर पर वापस करने पर दस रूपये उपभोक्ता को रिफन्ड के रूप में वापस मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई अन्य व्यक्ति क्यू आर अंकित बोतल को सम्बन्धित कलेक्शन सेन्टर पर जमा करता है तो उसे भी दस रूपये मिलेंगे। श्री गर्ब्याल ने आबकारी अधिकारी को तत्काल नैनीताल की मदिरा की दुकानों पर मिलने वाली बोतलों पर शीघ्र क्यू आर कोड लागू करने के निर्देश दिये।

## समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास ने की जिला योजना की वर्चुअल समीक्षा



बागेश्वर। समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास ने जिला योजना की वर्चुअल समीक्षा की। मार्च से पूर्व कार्यों में प्रगति लाकर शत–प्रतिशत धनराशि व्यय करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। दास ने बताया कि प्रसाद योजना के तहत बागनाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण व जीणोद्धार कार्यक्रम होगा। इसके लिए 49 करोड़ की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। डीपीआर तैयार कराने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री दासे सड़क वन भूमि प्रस्तावों व लंबित मुआवजे प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करने को कहा। बागेश्वर व गरुड़ के ड्रेनेज प्लान बनाने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी का सीजन आने वाला है इसलिए पेयजल योजनाओं व पेयजल लाइनों के मरम्मत कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें।

## पुलवामा हमले में शहीद जवानों को याद कर श्रद्धांजलि दी

काशीपुर। केजेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुलवामा हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस हमले के बाद भारत ने कड़े कदम उठाते हुए पुलवामा हमले का बदला लिया। बहादुर सैनिकों ने इस हमले का जवाब बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य महेश जोशी, उपप्रधानाचार्य पीयूष गुप्ता, कोऑर्डिनेटर ललिता भट्ट, लता जोशी, सोनाली भट्ट, ममता पंतोला, भावना, नीलम फर्त्याल, सविता राय, हेमा उप्रेती आदि मौजूद रहीं।

# प्रतिबंधित सात कुंटल गौमांस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। गदरपुर के रामजीवनपुर नंबर दो में एक मकान में छापेमारी कर पुलिस ने सात कुंतल प्रतिबंधित पशु का मांस बरामद किया है। मुख्य आरोपी छापे से पहले ही फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। परिक्षेत्रीय गोमांस स्क्वाड किच्छा प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार गंगवार ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं के निर्देशन में किच्छा नगर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थानाध्यक्ष गदरपुर व पुलिस की संयुक्त टीम ने रामजीवनपुर नंबर दो में मौबिन पुत्र शब्बीर अहमद और असगर अली पुत्र गुलाम नबी के घर व दुकान में छापा मारा। यहां से चार प्रतिबंधित पशुओं का 7 कुंतल मांस बरामद किया गया। इसके अलावा 17 टिन में गली हुई चर्बी, दो डीप फ्रिजर और पशुवध के उपकरण दो चापड़, एक कुल्हाड़ी, दो छुरी, सूजा, इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल तराजू आदि बरामद किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी अजगर अली पुत्र गुलाम नबी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मौबीन पुत्र शब्बीर मौके से फरार हो गया। पशु चिकित्सक रविशंकर झा ने बरामद मांस के सैंपल जांच के लिए लैब भेज दिए हैं। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार और फरार आरोपी के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी ली जा रही है। पुलिस टीम में निरीक्षक शांति कुमार गंगवार, उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह आर्या, उपनिरीक्षक चन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक महेश चन्द्र आदि शामिल रहे।

# नए कॉलेज के निर्माण को लेकर भूख हड़ताल की चेतावनी



पिथौरागढ़। नगर में नए कॉलेज निर्माण को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रनेता शासन–प्रशासन की अनदेखी से आहत हैं। उनका कहना है कि नए कॉलेज निर्माण को लेकर सीमांत के छात्र–छात्राओं को धोखा दिया जा रहा है। उन्होंने बुधवार यानि आज से भूख हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। मंगलवार को नगर के महाविद्यालय परिसर में अध्यक्ष रितिक पांडे के नेतृत्व में छात्रसंघ पदाधिकारियों को धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि कैंपस से पूर्व नए महाविद्यालय अस्तित्व में आने के सपने यहां के छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा मंत्री ने दिखाए। लेकिन अब तब नए कॉलेज निर्माण को पहल नहीं हुई है। महाविद्यालय में जिले भर के छात्र–छात्राओं का दवाब है। कैंपस बनने से छात्र–छात्राओं को यहां प्रवेश तक नहीं मिलेगा। ऐसे में विण और मूनाकोट में प्रस्तावित कॉलेजों का धरातल में उतारना बेहद जरूरी है। इसे देखते हुए छात्रसंघ ने आज से भूख हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। यहां उपाध्यक्ष अंकित ज्याला, उपाध्यक्षा चित्रा जोशी, महासचिव अनिल खाती, कोषाध्यक्ष दीपक खोलिया, सांस्कृतिक सचिव गौरव चंद्र पंत, उपसचिव मयंक चंद्रा, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि शिवम कापड़ी रहे।

## जायड्स कारखाने को चलाने के लिए श्रमिको ने ट्रेंड चलाया

सितारगंजःसिडकुल के जायडस कारखाने को खुलवाने के लिए तथा राज्य सरकार को जगाने के लिए जायडस श्रमिको ने ट्रेंड चलाया। जिसने 42 हजार ट्वीट के साथ भारत में दूसरे स्थान पर ट्रेंड किया।जायडस कारखाने की अवैध मंदी को अभी तक ना खोले जाने से समस्त जायडस श्रमिकों में जबरदस्त आक्रोश बना हुआ है इसी आक्रोश के चलते बीते सोमवार को श्रमिको ने ट्वीट सेव् सिडकुल ओपन जायडस के माध्यम से सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास किया।जिसमे जायडस श्रमिको के साथ पूरे देश के छात्रों व मजदूर संगठनों ने अपना योगदान देकर जायडस श्रमिकों के लिए न्याय की मांग की। यह ट्विटर ट्रेंड लगभग शाम 7 बजे से शुरू हुआ और 2 घंटे तक लगातार देश की जनता की बदौलत संपूर्ण भारत में ट्रेंड करता हुआ सेव सिडकुल ओपन जायडस (38.1 हजार) ट्वीटस के धीरे–धीरे दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

# आगे बढ़ने के लिए महिलाओं का मजबूत होना जरूरी : लीना चन्द्रा



अल्मोड़ा। द्वाराहाट कॉलेज में करिअर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन हुआ।

तहसीलदार लीना चन्द्रा ने प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी एवं नारी सशक्तिकरण विषय पर छात्र–छात्राओं को व्याख्यान देते व्यक्तित्व विकास, आइएएस, पीसीएस सहित प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के संबध विस्तार से जानकारी दी।

छात्र–छात्राओं ने भी अपने विचार साझा करते हुए कई सवाल किये। प्राचार्य प्रो एके श्रीवास्तव ने तहसीलदार लीना चन्द्रा का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र–छात्राओं के आत्म विश्वास में बढ़ोत्तरी के साथ जिज्ञासाओं का भी समाधान होता है।

संयोजक डॉ. शैलेन्द्र कुमार सहित करिअर काउंसलिंग प्रकोष्ठ की डॉ. निशा और बिपिन चन्द्र सुयाल ने भी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं समेत महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी।

## बार एसोसिएशन ने किया एक दिवसीय कार्य बहिष्कार

सितारगंज। बार एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया। मंगलवार को उप जिलाधिकारी तुषार सैनी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के नोटिफिकेशन के अनुसार समस्त जमींदारी ग्राम अंतर्गत धारा 210 एलआर एक्ट के कलेक्टर की शक्तियों को असिस्टेंट कलेक्टर में निहित किया गया है। इसके अनुसार ही धारा 210 एलआर एक्ट की अपीलों की सुनवाई असिस्टेंट कलेक्टर के द्वारा की जा रही थी। लेकिन जिलाधिकारी उधम सिंह नगर ने नियुक्त असिस्टेंट कलेक्टर के न्यायालय में लंबित अपील धारा 210 सुनवाई हेतु अपनी न्यायालय में स्थानांतरित कर ली गई, जो कि स्पष्ट रूप से सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन का उल्लंघन है। इस



संबंध में काशीपुर, जसपुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी से 10 दिन पूर्व मिलने का समय मांगा गया था, लेकिन वह बिना सूचना दिए अपने कार्यालय से चले गए। वह बार एसोसिएशन के लोगों से नहीं मिले। जिस से आहत होकर नगर के बार एसोसिएशन के लोगों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष दयानंद सिंह, सचिव हरीश चंद शर्मा, एस के सिंह, प्रकाश चंद्र ढाली, अमित कुमार, गुरमीत सिंह, हरीश चंद्र ओली, मंगल सिंह राणा, राम बदन सागर, हयात सिंह कुंवर, पंकज दास, भगवंत सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सीएम से की 8 माह से बंद सड़क खोलने की मांग

पिथौरागढ़। पूर्व जिपं अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह बोहरा व श्याम चंद्र खर्कवाल के नेतृत्व में देहरादून में धारचूला के स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

ग्रामीणों ने कहा छिरकिला जम्कु सड़क 8 माह से बंद है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें शीघ्र समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। खर्कवाल ने कहा कि इस दौरान उन्होंने पहाड़ों से पलायन को रोकने के लिए मधुमक्खी पालन कार्य को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। इस दौरान दुर्गा सिंह धामी, गोविंद सिंह परिहार भी शामिल रहे।

## राजकीय बालिका इंटर कालेज सारकोट में पुस्तक मेला का आयोजन



अल्मोड़ा। शिक्षा विभाग और अजीम प्रेमजी फांउडेशन की ओर से राजकीय बालिका इंटर कालेज सारकोट में पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। जिसमें देश–विदेश के उत्कृष्ट, सुरुचिपूर्ण एवं जीवनपयोगी साहित्य उपलब्ध कराने के साथ ही कई स्टॉल लगाये गये। स्टालों के माध्यम से बच्चों को खेल–खेल में गणित सीखने, गांधी पोस्टर प्रदर्शनी, कहानी सुनने सुनाने की कला व लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने कहा कि बच्चों में पढ़ने की संस्कृति विकसित करने में इस तरह के मेले काफी कारगर साबित होते हैं। बाल प्रहरी के संपादक उदय किरौला ने कहा कि पढ़ने की संस्कृति विकसित करने के लिए किताबों तक बच्चों की पहुंच बनानी होगी।

लोक प्रबंध विकास संस्था के संचालक ईश्वर जोशी ने गांव में शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के साथ ही सरकारी स्कूलों में पंचायत एवं अभिभावकों के जुड़ाव को मजबूत बनाये जाने की बात की। यहां राइंका सलौज के प्रधानाचार्य चंद्रकांत तिवारी, लोकेश, प्रधानाचार्य पुष्पा आर्या, नवल पंत, प्रीतम गुप्ता, किशोर तिवारी, डुंगर सिंह, अभिजीत, पवनेश ठकुराठी, भुवन सिराड़ी, सिवांगी वर्मा, जय प्रकाश, गगन साहनी, अंकित जोशी, हरीश बिष्ट, धीरज भाकुनी, गोविंद सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

# अंशुल रावत मिस्टर व प्रियांशी द्विवेदी रही मिस डीएवी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अंशुल रावत को मिस्टर व प्रियांशी द्विवेदी को मिस डीएवी का खिताब दिया गया।



डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

मंगलवार को विद्यालय परिसर में बारहवीं परीक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। विद्यालय के पर्यवेक्षक नितिन भाटिया ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत अंशुल रावत को मिस्टर व प्रियांशी द्विवेदी को मिस्टर डीएवी चुना गया। सुर्यांशु सिंघल व शिखा धरकिया को स्पार्क आफ द डे चुना गया। अभिषेक बलोदी, वेदिता को मनमोहक मुस्कान व वैभवी कुकरेती को डीएवी स्टाइल आइकान अवार्ड दिया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता मेहरा, सारिका रावत, विकास गुप्ता, अलका जैन, संजय शर्मा, निहारिका अग्रवाल, विपिन कुमार, सीमा रावत, मीनाक्षी भाटिया, आरजे सिंह, दिव्या नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## रुद्रप्रयाग के युवा व्यापारी रविन्द्र नेगी ने ड्रीम इलेवन में जीते एक करोड़

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग नगर में एक युवा व्यापारी ड्रीम इलवेन में लॉटरी में जीत कर करोड़पति बन गया है। उसके साथियों ने नगर में आतिशबाजी करते हुए मिठाई बांटकर खुशी जताई है। युवा ने दो टीमों पर लॉटरी लगाई थी एक सेफ टीम थी और एक रिस्क वाली टीम। रिस्क वाली टीम में सफलता पाते हुए वह एक नम्बर पर रहे। रुद्रप्रयाग नगर के स्थानीय युवा व्यापारी रविन्द्र नेगी ने ड्रीम इलवेन में दो टीमों पर लॉटरी लगाई।

उन्हें यह उम्मीद नहीं थी कि वह रातों रात करोड़पति बन जाएंगे। रविन्द्र ने बताया कि वह 2018 से एक शौक के तौर पर ड्रीम इलेवन में टीम बनाकर खेला करते हैं।

# सड़क पर उतरी निगम की टीम, हटाया गया अतिक्रमण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः शहर की सड़कों पर पसरे अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का अभियान जारी रहा। नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त करते हुए उन्हें दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। कहा कि अतिक्रमण के कारण सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है।


कोटद्वार में बदरीनाथ मार्ग पर अतिक्रमण हटाते निगम कर्मी

मंगलवार को नगर निगम ने बदरीनाथ मार्ग से अभियान की शुरूआत की। निगम ने गोखले मार्ग, स्टेशन रोड, नजीबाबाद रोड सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया। सफाई निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी होती जा रही है। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहा है। अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त किया गया। इस दौरान नगर निगम ने व्यापारियों को पालीथिन का उपयोग न करने की भी चेतावनी दी गई। कहा कि पालीथिन का उपयोग करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पोखड़ा गढ़वाल

पत्रांक 1219/2-लेखा/में0गा0मे0सं0/2022-23 दिनांक-14-02-2023

### विज्ञप्ति

मेरा गांव मेरी सड़क योजना अन्तर्गत वर्ष 2020-21 में ग्राम तिलखोली में सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य के लिए निम्न प्रकार से कार्य सम्पन्न करने हेतु दिनांक 28-02-2023 तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं तथा निविदायें दिनांक 01-03-2023 के अप्रहान्न 02 बजे उपस्थित ठेकेदारों या उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख समिति द्वारा खोले जायेगें। निविदा फार्म इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं।

| कार्य का विवरण | स्वीकृत धनराशि | निविदा फार्म का मूल्य GST सहित | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| प्राकलन के अनुसार | 23.435 ला0 | 1770.00 | 46900.00 |

उक्तानुसार निविदा प्रपत्र के साथ रू 100 का स्टाम्प पेपर संलग्न करें तथा शेडयूल बी में स्पष्ट रूप से दरें दर्शाइ जाये। दर्शाइ गयी दरों में ओवर राइटिंग न हो किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर फार्म निरस्त किया जा सकता है। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

ह0
ओम प्रकाश रावत
खण्ड विकास अधिकारी
पोखड़ा गढ़वाल।

(0865/25)


# उत्पाती बंदरों को पकड़ने की मांग को सौंपा ज्ञापन



नई टिहरी। उत्पाती बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग को लेकर नई टिहरी नगर बसंत विहार की महिलाओं ने डीएम और डीएफओ से भेंटकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा आये दिन बंदर लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं, जिससे लोग में दहशत का माहौल बना हुआ है।मंगलवार को नई टिहरी बंसत विहार मौहल्ले की महिलाओं ने कलक्ट्रेट पहुंचकर बंदरों के आंतक से निजात दिलाने की मांग की। भारती सकलानी ने बताया बंदर आये दिन महिला और बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। बंदरों के डर के मारे लोग घरों से बाहर निकालने में डर रहे हैं। रीता देवी ने बताया कि बीते तीन पूर्व वह अपने घर की छत पर खड़ी थी। इसी दौरान बंदर ने उन हमला कर काट दिया। बंदरों द्वारा कई बार महिलाओं और बच्चों पर हमला करने की घटना सामने आ चुकी है। उधर डीएम डॉ. सौरभ गहरवार ने बताया बंदरों को पकड़ने के लिये वन विभाग को पिंजरा लगाने के निर्देश गए हैं। ज्ञापन देने वालों में कुसमु चौहान, सविता रावत, उषा नैथानी, रीतू रावत, किरन रतूड़ी, मधु बिष्ट, अर्चना नेगी, गुड्डी देवी, मधु भट्ट, उर्मिला बिजल्वाण,स्वेता रतूड़ी आदि मौजूद थी।

## स्कूली छात्रों को एसडीआरएफ ने दिया प्रशिक्षण

नई टिहरी। एसडीआरएफ की टीम ने न्यू टिहरी इंटरनेशनल स्कूल पैन्यूला में उपस्थित छात्र–छात्राओं तथा स्कूल स्टाफ को आपदा प्रबंधन, राहत बचाव के तरीकों, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, इंप्रोवाइज तरीके से स्ट्रेचर बनाना, विक्टिम को लिफ्टिंग–मूविंग के तरीके, रेस्क्यू उपकरणों की उचित जानकारी और प्रशिक्षण दिया। यह जानकारी देते हुए एसडीआरएफ के निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि रिवर क्रासिंग (जीप लाइन) का डेमोंस्ट्रेशन भी मौके पर कराया गया।

# अफसरों की कमी पर भड़का राजकीय शिक्षक संघ

रुद्रप्रयाग। शिक्षा विभाग में बीते 6 महीने से जिम्मेदार अधिकारियों की कमी बनी है। सरकार के जनपद के प्रति उदासीन रवैये पर राजकीय शिक्षक संघ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। जनपद में अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में संगठन द्वारा उच्च अधिकारियों व दोनों विधायकों से अधिकारियों की नियुक्ति के लिए सरकार से मांग की गई। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अभी कुछ दिन पूर्व शिक्षा विभाग में पदोन्नति पाए अधिकारियों की नियुक्ति की है किंतु जनपद को एक भी अधिकारी नहीं दिया गया। जनपद में अधिकारी न होने के कारण जनपद में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। सरकार एक तरफ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने इस वर्ष बेहतर बोर्ड परीक्षा परिणाम रहने का दावा करती है। वही दूसरी और जनपद में शिक्षा विभाग को भगवान भरोसे छोड़ रखा है। जनपद में 9 अधिकारियों के पद सृजित हैं। उनमें केवल एक पूर्णकालिक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यारत है। राजकीय शिक्षक संघ के जनपद उपाध्यक्ष शीशपाल पंवार ने जिलाध्यक्ष नरेश भट्ट व जिलामंत्री आलोक रौथाण के हवाले से कहा कि बोर्ड परीक्षाएं सिर पर हैं। बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन की जिम्मेदारी अधिकारियों की रहती है। किंतु यह समझ से परे है कि अधिकारी विहीन जनपद में बोर्ड परीक्षा का सफल संचालन कैसे संभव हो पाएगा। संघ के संरक्षक हर्षवर्धन रावत, जनपद उपाध्यक्ष शीशपाल पंवार, वरिष्ठ सलाहकार विजय बैरवाण, कोषाध्यक्ष मित्रानंद मैठाणी, जिला उपाध्यक्ष महिला ललिता रौतेला, जिला संयुक्त मंत्री दीपक नेगी, जिला संयुक्त मंत्री महिला कुसुम भट्ट, संगठन मंत्री सरोज सिंह नेगी, संगठन मंत्री महिला विमला राणा, गंगाराम सकलानी आदि ने जनपद के दोनों विधायकों से भी अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द जनपद में अधिकारियों की नियुक्ति के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाए।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने किया मांस की दुकानों का निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। हाल ही में गुप्तकाशी में प्रतिबंधित मांस को लेकर हुए बवाल के बाद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नगर में मांस की दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 एवं नियमावली 2011 के प्राविधानों को लेकर नया बस अड्डा में स्थित मांस की दुकानों में व्यवस्थाएं देखी। अभिहीत अधिकारी मनोज कुमार सेमवाल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी बलवंत सिंह चैहान के नेतृत्व में नए बस अड्डे में व्यापक स्तर पर मांस की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। बताया कि यदि किसी तरह की लापरवाही पाई गई तो सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव G20

### ई–नीलामी

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मण्डल के द्वारा पे एण्ड यूज, शौचालय (ओ. एण्ड एम) के आधार पर एवं पार्किंग के कार्य को आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से ठेके पर देनें हेतु ई–बोलियॉ www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| कैटेगरी | कैटलॉग संख्या | एसेट डिटेल | ई–बोली की आरम्भ तिथि | ई–बोली की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| पे एण्ड यूज, शौचालय | 22-MB-PnU-21 | शाहजहॉपुर द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय, मुरादाबाद निकट (सी.पी.एस ऑफिस), धामपुर, बिजनौर, नगीना, पिलखुआ, डासना, रामपुर एवं हापुड़ रेलवे स्टेशनों के पे एण्ड यूज, शौचालयो को ओ. एण्ड एम. के माध्यम हेतू। | 02.03.23 12:00:00 | 02.03.23 13.50:00 |
| पार्किंग | 22-MB-Parking-21 | शाहजहॉपुर–द्वितीय प्रवेश द्वार, योग नगरी ऋषिकेश एवं रामपुर रेलवे स्टेशन पर कार पार्किंग हेतू एवं मलिहाबाद, हरदोई, सण्डीला, बुलन्दशहर, बरेली द्वितीय प्रवेश द्वार, गजरौला, स्योहारा, पिलखुआ योग नगरी ऋषिकेश, हापुड–द्वितीय प्रवेश द्वार एवं रामपुर रेलवे स्टेशनों पर साईकिल स्कूटर स्टैण्ड हेतु। | 02.03.23 11:00:00 | 02.03.23 13.40:00 |

461/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

G20 भारत 2023 INDIA — आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, रेल कोच रेस्टोरेंट, रेलवे स्टेशन पर प्रतीक्षालय एवं एटीएम के आबंटन हेतु ई–बोली आमंत्रित की गयी है, जिसकी बोलियां www.ireps.gov.in पर शुरू होंगी। इसके लिए विस्तृत नियम एवं शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध है।

| केटेगरी | कैटलॉग संख्या | एसेट डिटेल | ई–बोली की आरंभ तिथि | ई–बोली की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| Advertising | 22-MB-NFR-15 | ट्रेनों के ऊपर विनायल रैपिंग; होर्डिंग के माध्यम से हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन; ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से हरिद्वार, देहरादून, बरेली रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन हेतु | 02.03.2023 10:00:00 | 02.03.2023 11:50:00 |
| Coach Restaurant | 22-MB-PCR-1 | हरिद्वार रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में कोच रेस्तरां की स्थापना के लिए | 02.03.2023 13:00:00 | 02.03.2023 13:30:00 |
| Waiting Room at Railway Stations | 22-MB-WtngRum-4 | हरदोई और देहरादून रेलवे स्टेशनों पर प्रतीक्षालय के उन्नयन, रखरखाव और मैनिंग के लिए। | 03.03.2023 11:00:00 | 03.03.2023 11:40:00 |
| ATM | 22-MB-ATM-9 | शाहजहांपुर, हरदोई, अमरोहा एवं देहरादून रेलवे स्टेशन | 02.03.2023 14:00:00 | 02.03.2023 15:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

460/2023



## कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक :- /नि0अनु0/नि0का0/2022-23 दिनांक -

### निविदा सूचना

नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों की सील बन्द निविदा दिनांक 02.03.2023 को अपराहन 04:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 20.03.2023 से 28.03.2023 को अपराहन 04:00 तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 03.03.2023 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क+18% GST | कार्य पूर्ण करने की | निविदा की वैधता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0 01 में श्री रघुवीर सिंह के घर से श्री आबिद के घर तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 7900.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 2 | वार्ड न0 02 में मुख्य मार्ग से श्री मनोज शाह के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 8400.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 3 | वार्ड न0 2 कुम्भीचौड में मुख्य मार्ग से श्री सत्येन्द्र सिंह रावत के घर से श्री सत्येन्द्र सिंह नेगी के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 15000.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 4 | वार्ड न0 2 कुम्भीचौड में मुख्य मार्ग से श्री रणजीत सिंह नेगी के घर से सुरेन्द्र सिंह रावत के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 15600.00 | 1000+180 | 90 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 5 | वार्ड न0 03 में मुख्य मार्ग से श्री विजेन्द्र सिंह नेगी के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 15600.00 | 1000+180 | 90 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 6 | वार्ड न0 5 में श्री धीरज रावत के घर से श्री शिव सिंह गुसांई के घर तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य। | 10000.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 7 | वार्ड न0 06 में श्री मातबर सिंह के घर से श्री जामवन्त सिंह के घर तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 11100.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 8 | वार्ड न0 6 काशीरामपुर तल्ला में पार्क का सौन्दर्यीकरण कार्य। | 20700.00 | 1000+180 | 90 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 9 | वार्ड न0 07 कौडिया में प्रेमनगर वाली गली में इन्टरलॉकिंग टाईल्स सडक का निर्माण कार्य। | 15100.00 | 1000+180 | 90 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 10 | वार्ड न0 08 में रा0राजमार्ग से श्री बहुखण्डी के घर की ओर इन्टरलाकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 9400.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 11 | वार्ड न0 09 में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जानकी नगर से श्री महेन्द्र सिंह के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 13000.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 12 | वार्ड न0 10 में भूरा सब्जी वाले के सामने क्षतिग्रस्त सड़क व पुलिया निर्माण कार्य। | 9900.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 13 | वार्ड न0 11 में पुलिस थाने के पीछे सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 9300.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 14 | वार्ड न0 12 में किन्डर गार्डन स्कूल से श्री प्रभात डबराल के घर तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 15400.00 | 1000+180 | 90 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 15 | वार्ड न0 13 में आर्मी कैन्टीन से हिल व्यू होटल की ओर सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 27700.00 | 1000+180 | 90 दिन | 45 दिन | ''ख'' |
| 16 | वार्ड न0 14 में विभिन्न स्थानों में आर0सी0सी0 पुलिया तथा सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 16400.00 | 1000+180 | 90 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 17 | वार्ड न0 15 में इन्द्रलोक होटल से श्री महेन्द्र सिंह जी के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 14600.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 18 | वार्ड न0 16 में मुख्य मार्ग लक्ष्मी अपार्टमेन्ट से पोखरियाल जी के घर की ओर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 9300.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 19 | वार्ड न0 17 में श्री हरेन्द्र नेगी के घर से श्री वीर सिंह नेगी के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 14700.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 20 | वार्ड न0 18 में मुख्य मार्ग से श्री मनोज सेमवाल के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 11000.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 21 | वार्ड न0 19 में पंकज शर्मा के घर से अनिता शर्मा के घर की ओर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 13400.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 22 | वार्ड न0 21 में मुख्य मार्ग से श्री बलवीर सिंह बिष्ट के घर तक पैंच तथा सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 16200.00 | 1000+180 | 90 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 23 | वार्ड न0 22 में मुख्य मार्ग से श्री उम्मेद सिंह के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 8800.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 24 | वार्ड न0 23 में श्री पंकज सजवाण के घर से श्री गोविन्द सिंह कठैत के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 16300.00 | 1000+180 | 90 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 25 | वार्ड न0 24 में मुख्य मार्ग से गौड जी की घर की ओर सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 16800.00 | 1000+180 | 90 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 26 | वार्ड न0 25 में मुख्य मार्ग से श्री विरेन्द्र सिंह के घर की ओर सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 9200.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 27 | वार्ड न0 26 में श्रीमती कुसुम नेगी के घर से श्री यतेन्द्र सिंह के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 10100.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 28 | वार्ड न0 27 मे श्री रतन सिंह बिष्ट के घर से श्री पुष्कर सिंह बिष्ट के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 9900.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 29 | वार्ड न0 28 में मुख्य मार्ग से श्री हरेन्द्र सिंह के घर की ओर सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 9000.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 30 | वार्ड न0 28 में मुख्य मार्ग से श्रीमती रचना रावत के घर की ओर सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 9600.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 31 | वार्ड न0 29 में श्री रनवीर सिंह के घर से श्री हरपाल सिंह जी के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 9900.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 32 | वार्ड न0 29 घमण्डपुर में मुख्य मार्ग से मदनलाल के घर की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स मार्ग निर्माण कार्य। | 8500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 33 | वार्ड न0 32 देवरामपुर में हेमलता जोशी के घर से पंकज वशिष्ट के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 8800.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 34 | वार्ड न0 33 ग्रीन कार्यालय से श्री बलवन्त सिंह के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 11400.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 34 | वार्ड न0 34 में मुकेश कुमार के घर से जयकरण के घर की ओर सी0सी0 सडक का निमार्ण कार्य। | 12000.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 36 | वार्ड न0 37 झण्डीचौड पश्चिमी में मुख्य मार्ग से श्रीमती गौरी देवी, श्री जितेन्द्र सिंह के घर की ओर सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 8300.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 37 | वार्ड न0 38 में श्री आनन्दमणी के घर से श्री भगवती प्रसाद के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 9300.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 38 | वार्ड न0 39 में मुख्य मार्ग एन0एम0 मॉडल स्कूल के सामने से श्री यशवन्त कुमार के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 14700.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 39 | ट्रैचिंग ग्राउण्ड में सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | 19600.00 | 1000+90 | 90 दिन | 45 दिन | ''ग'' |
| 40 | ट्रैचिंग ग्राउण्ड के चारो तरफ ग्रील लगाने का कार्य। | 50000.00 | 1500+270 | 120 दिन | 45 दिन | ''क'' |
| 41 | ट्रैचिंग ग्राउण्ड कोटद्वार में नदी की तरफ सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 71600.00 | 2000+360 | 120 दिन | 45 दिन | ''क'' |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

## सम्पादकीय

# महंगी होगी चार धाम यात्रा

एक तरफ जहां उत्तराखंड की विश्व विख्यात पवित्र चार धाम यात्रा की तैयारियों को लेकर उत्तराखंड सरकार ने इस धरातल पर उतारने की कोशिशें शुरू कर दी है तो वही किस वर्ष चार धाम यात्रा के लिए आने वालों को अधिक जेब ढीली करनी पड़ सकती है। ऐसे श्रद्धालु जो यात्रा के लिए सार्वजनिक यातायात प्रबंधन के भरोसे आते हैं उन्हें गत वर्ष के मुकाबले किराए में 5ः अधिक किराया देना पड़ेगा। बढ़े हुए किराए की लगभग तैयारी कर ली गई है और यात्रा सीजन में प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों ने सर्वसम्मति से किराया बढ़ोतरी को लेकर हरी झंडी दे दी है। यानी कि तय है कि वर्ष 2023 की चारधाम यात्रा का बस किराया इस साल पांच फीसदी बढ़ सकता है। संयुक्त यात्रा रोटेशन व्यवस्था समिति ने सर्वसम्मति ने प्रस्ताव को परिवहन विभाग को भेज दिया है और यह तय है कि प्रस्ताव को मंजूरी के बाद समिति को भेज दिया जाएगा। उत्तराखंड की चार धाम यात्रा प्रबंधन में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का एक अहम स्थान है और लाखों की संख्या में श्रद्धालु परिवहन के इसी माध्यम से चार धाम यात्रा का दर्शन करते हैं। बस किराए को बढ़ा है के पीटे जो दलील दी गई है उसके तहत कहा गया है कि पिछले चारधाम यात्रा सीजन में बसों के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई थी। लेकिन डीजल, स्पेयर पार्ट्स, टैक्स और वाहन बीमा की धनराशि पर बढ़ोतरी के चलते खर्च बढ़ने से बस मालिकों को नुकसान उठाना पड़ा था। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि भले ही 5ः की दर से बसों का किराया बढ़ाया जाए लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि सुविधाएं भी बढ़नी चाहिए। खासतौर से बसों की उपलब्धता एवं सुविधाएं बेहद अहम है ताकि यात्रियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना ना करना पड़े। आज भी उत्तराखंड में बसों की स्थिति को लेकर सवाल उठते आए हैं जिनमें ना केवल सरकारी परिवहन व्यवस्था बल्कि निजी बस सेवाओं में भी कई बार खामियां देखने को मिली है। चार धाम यात्रा से पूर्व बस प्रबंधन व्यवस्थाओं को पटरी पर लाना भी रोटेशन समिति का काम है और यदि वे 5ः बढ़े हुए किराए का प्रस्ताव भेज रहे हैं तो उन्हें श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में भी रखना चाहिए। गत वर्ष रिकर्ड संख्या में उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए श्रद्धालु आए थे और उम्मीद की जा रही है कि इस बार यह संख्या पिछले वर्ष के रिकर्ड को भी पीटे छोड़ देगी। इन संभावनाओं के तहत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का सुदृढ़ एवं सुचारु रुप से प्रबंधन बेहद जरूरी है।

# भारतीयों को मरीशस क्यों प्रिय

**भारत की कंपनियों के शेयरों का बढ़े हुए दाम पर बिकना शेयर मार्केट में अच्छा माना जाता है। यदि ऐसा नियमों के दायरों में हो तो यह सही होता है परंतु श्मरीशस रूट से होने वाले ऐसे निवेश नियम-कानून की धज्जियां उड़ा कर होते हैं। जैसे ही किसी कंपनी के शेयर का दाम बढ़ता है, देश के भोले-भाले छोटे और मध्यम निवेशक भी मुनाफा कमाने की नीयत से इसमें निवेश करते हैं परंतु असल में उस कंपनी के शेयर की असल कीमत इससे काफी कम होती है। मिसाल के तौर पर देश के एक राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की एक ठंडी पड़ी कंपनी के 10 रु पये प्रति शेयर को देश के एक भगोड़े ने 96,000 रु पये प्रति शेयर पर खरीदा।**



**विनीत नारायण**

अफ्रीकी महाद्वीप के दक्षिण-पूर्व तट से लगभग 900 किलोमीटर दूर हिंद महासागर के तट पर और मेडागास्कर के पूर्व में स्थित द्वीपीय देश मरीशस भारतीयों के लिए काफी आकषर्क स्थान है।

अपने झील-झरनों, हरे-भरे जंगलों और प्रातिक सुंदरता से भरपूर मरीशस हर नवविवाहित जोड़े के लिए बरसों से हनीमून मनाने का स्थान बना हुआ है परंतु क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा भी एक कारण है जिसके लिए मरीशस भारतीयों को बहुत प्रिय है।

सुंदर पर्यटक स्थल होने के कारण मरीशस में केवल हनीमून मनाने वाले पर्यटक ही नहीं आते, बल्कि श्टैक्स हैवन के नाम से मशहूर इस छोटे से द्वीप पर हर उस व्यक्ति की नजर बनी रहती है, जो किसी न किसी तरह से भारत में आयकर की चोरी करना चाहता है। चूंकि भारत और मरीशस के बीच हुई श्दोहरे करारोपण संधि के तहत भारतीय कंपनियां मरीशस की किसी कंपनी से समझौता करके भारत में एफडीआई द्वारा निवेश करवा लेती हैं। इस निवेश को निवेशकों की भाषा में श्मरीशस रूट कहा जाता है। भारत में श्मरीशस रूट के तहत हुए निवेश पर कोई टैक्स नहीं देना होता। ऐसा करने से ये सभी कंपनियां, जो भारत में निवेश करवाती हैं, कैपिटल गेन्स टैक्स देने से बच जाती हैं। कई वर्ष पहले इंटरनेशनल कंसोर्टियम अफ इनवेस्टीगेटिव जर्नलिस्ट्स (आईसीआईजे) की एक रिपोर्ट सार्वजनिक हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कई कंपनियों ने 1982 में हुई इस संधि का दुरु पयोग किया है।

इस समझौते के मुताबिक भारतीय कंपनियों को मरीशस में टैक्स रेजीडेंसी की सुविधा मिल जाती है, जिस कारण वे जीरो कैपिटल गेन्स वाली श्रेणी में आ जाती थीं। जाहिर सी बात है कि श्मरीशस रूट से अपना ही पैसा घुमा कर ये कंपनियां अपना निवेश वापस भारत में ले आती हैं। इसी के चलते देश को करोड़ों के टैक्स का चूना लग जाता है जबकि इस टैक्स के पैसे को देश के विकास कार्यों में लगाया जा सकता था पर ऐसा नहीं हो रहा। श्मरीशस रूट हो या किसी अन्य श्टैक्स हैवन देश से आने वाला निवेश, हमारे देश में ऐसा काफी बड़ी मात्रा में हो रहा है। देश की कई नामी कंपनियां ऐसा कई बरसों से कर रही हैं। नियमों में इस कमी का फायदा उठा कर ये लोग टैक्स चोरी कर देश में होने वाले विकास को पीटे धकेल रहे हैं। आम आदमी को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं समय पर नहीं दी जातीं तो इसके पीटे टैक्स में होने वाली चोरी ही मुख्य कारण होता है।

सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की, विकास कार्यों और सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भुगतान के लिए टैक्स पर ही निर्भर करती है। यदि टैक्स में कमी आती है तो विकास कार्यों में भी बाधा आएगी। श्मरीशस रूट से आने वाले निवेश केवल एफडीआई के जरिए ही नहीं होते। उद्योगपतियों के अलावा भ्रष्ट नेता और अफसर भी इसका फायदा उठाते हैं। ये लोग भ्रष्टाचार से कमाए अपने काले धन को हवाला के जरिए विदेशों में स्थित मरीशस जैसे श्टैक्स हैवन देशों में भेजते हैं। वहां पर कुछ शैल कंपनियों की मदद से उसी पैसे को कुछ चुनिंदा कंपनियों के शेयरों को मन-माने दाम पर खरीदवाते हैं।

भारत की कंपनियों के शेयरों का बढ़े हुए दाम पर बिकना शेयर मार्केट में अच्छा माना जाता है। यदि ऐसा नियमों के दायरों में हो तो यह सही होता है परंतु श्मरीशस रूट से होने वाले ऐसे निवेश नियम-कानून की धज्जियां उड़ा कर होते हैं। जैसे ही किसी कंपनी के शेयर का दाम बढ़ता है, देश के भोले-भाले छोटे और मध्यम निवेशक भी मुनाफा कमाने की नीयत से इसमें निवेश करते हैं परंतु असल में उस कंपनी के शेयर की असल कीमत इससे काफी कम होती है। मिसाल के तौर पर देश के एक राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की एक ठंडी पड़ी कंपनी के 10 रु पये प्रति शेयर को देश के एक भगोड़े ने 96,000 रु पये प्रति शेयर पर खरीदा। आरोप है कि यह अपने ही काले धन को घुमाकर किया गया। इसकी जांच के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की गई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस दे कर इसकी जांच के आदेश दिए परंतु जांच को लंबा खींचने और ढुलमुल रवैया अपनाने से इस मामले की जड़ तक नहीं पहुंचा जा सका। जाहिर है कि ऐसा होने पर लोगों का जांच एजेंसियों पर से भरोसा भी डगमगाने लगता है इसलिए जब भी कभी ऐसा विवाद खड़ा हो तो मामले की सघन जांच होना बहुत ही जरूरी हो जाता है। ऐसे में अपनी श्योग्यता के लिए प्रसिद्ध देश की प्रमुख जांच एजेंसियां भी शक के घेरे में आ जाती हैं। इन एजेंसियों पर विपक्ष द्वारा लगाए गए श्गलत इस्तेमाल के आरोप सही लगते हैं। मामला चाहे छोटे घोटाले का हो या बड़े घोटाले का, एक ही अपराध के लिए दो मापदंड कैसे हो सकते हैं?

यदि देश का आम आदमी या किसान बैंक द्वारा लिए गए ।ण चुकाने में असमर्थ होता है तो बैंक की शिकायत पर पुलिस या जांच एजेंसियां तुरंत कड़ी कार्रवाई करती हैं। उसकी दयनीय दशा की परवाह न करके कुर्की तक कर डालती हैं परंतु बड़े घोटालेबाजों के साथ ऐसी सख्ती क्यों नहीं बरती जाती? जैसा कि इस कलम में पहले भी लिख चुके हैं, घोटालों की जांच कर रही एजेंसियों का निष्पक्ष होना बहुत जरूरी है। एक जैसे अपराध पर, आरोपी का रुतबा देखे बिना, अगर एक सामान कार्रवाई होती है, तो जनता के बीच संदेश जाता है कि जांच एजेंसियां अपना काम स्वायत्तता और निष्पक्षता से कर रही हैं।

सिद्धांत यह होना चाहिए कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वो किसी भी विचारधारा या राजनैतिक दल का समर्थक क्यों न हो। कानून अपना काम कानून के दायरे में ही करेगा। जरूरी है कि मरीशस जैसे देश के प्रातिक खूबसूरती के लिए जाने जाने वाले द्वीपों को पर्यटन के लिए ही जाना जाए न कि वित्तीय घोटालों में लिए जाने जाने वाले श्मरीशस रूट जैसे अलंकारों के लिए।

# विक्टिम कार्ड का सहारा




उचित यह होता कि नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब देते समय उठाए गए सवालों के तथ्यपरक जवाब देश के सामने रखते। लेकिन उन्होंने अडानी का नाम तक नहीं लिया।

लोकसभा में राहुल गांधी सहित कई विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री और सरकार से अडानी प्रकरण में खास प्रश्न पूटे थे। उचित यह होता कि नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब देते समय उन सवालों के तथ्यपरक जवाब देश के सामने रखते। लेकिन उन्होंने अडानी का नाम तक नहीं लिया। इसके विपरीत उन्होंने कहा कि उन्हें गाली दी गई और सदन में श्झूठ बोला गया। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के पतन पर लंबा वक्तव्य दिया और विपक्ष की श्निराशाओं का जिक्र किया। और दावा किया कि उनकी ताकत अखबारी सुर्खियों या टीवी चर्चाओं से नहीं, बल्कि देश के लिए समर्पण से बनी है। सरकारी कल्याण योजनाओं को उन्होंने खुद से जोड़ा और कहा कि उनसे लाभान्वित लोग विपक्ष के आरोपों पर भरोसा नहीं करेंगे। सदन में प्रधानमंत्री बोलते, इसके पहले ही स्पीकर ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए राहुल गांधी के भाषण के कुल 18 हिस्से कार्यवाही से हटा दिए। इनमें वो हिस्से भी शामिल हैं, जिनमें गांधी ने मोदी और अडानी के रिश्तों पर सवाल उठाए थे।

राहुल गांधी ने अडानी और मोदी की एक पुरानी तस्वीर सदन में दिखाई थी, जिसे भी रिकर्ड से हटा दिया गया है। उधर राज्यसभा में एक और सिद्धांत प्रतिपादित किया गया। इसमें कहा गया कि सदन में प्रधानमंत्री की आलोचना नहीं हो सकती, क्योंकि प्रधानमंत्री एक संस्था हैं। अब देश के विवेकशील लोगों के सामने यह विचारणीय प्रश्न

राहुल गांधी ने अडानी और मोदी की एक पुरानी तस्वीर सदन में दिखाई थी, जिसे भी रिकर्ड से हटा दिया गया है। उधर राज्यसभा में एक और सिद्धांत प्रतिपादित किया गया। इसमें कहा गया कि सदन में प्रधानमंत्री की आलोचना नहीं हो सकती, क्योंकि प्रधानमंत्री एक संस्था हैं। अब देश के विवेकशील लोगों के सामने यह विचारणीय प्रश्न है कि क्या जिस व्यवस्था में हम जी रहे हैं, उसे किस ढंग का लोकतंत्र कहा जाए? लोकतंत्र का आम सिद्धांत जवाबदेही है। सवाल पूटे गए हैं, तो जवाब देना सरकार का काम है। इसी तरह प्रधानमंत्री सबसे ऊपर हैं, यह धारणा सिरे से अस्वीकार्य है। बल्कि ब्रिटिश व्यवस्था में (जिसे हमने अपनाया है) प्रधानमंत्री को कैबिनेट में समान दर्जे वाले पदधारियों के बीच प्रथम होने की मान्यता ही रही है। इसी आधार पर कैबिनेट के सामूहिक दायित्व का सिद्धांत प्रचलन में रहा है।

है कि क्या जिस व्यवस्था में हम जी रहे हैं, उसे किस ढंग का लोकतंत्र कहा जाए? लोकतंत्र का आम सिद्धांत जवाबदेही है। सवाल पूटे गए हैं, तो जवाब देना सरकार का काम है। इसी तरह प्रधानमंत्री सबसे ऊपर हैं, यह धारणा सिरे से अस्वीकार्य है। बल्कि ब्रिटिश व्यवस्था में (जिसे हमने अपनाया है) प्रधानमंत्री को कैबिनेट में समान दर्जे वाले पदधारियों के बीच प्रथम होने की मान्यता ही रही है। इसी आधार पर कैबिनेट के सामूहिक दायित्व का सिद्धांत प्रचलन में रहा है। लेकिन वर्तमान सरकार के तहत तमाम नए सिद्धांत और परिपाटियां गढ़ी जा रही हैं। इस परिघटना पर गंभीर चर्चा की जरूरत है। वरना, भारतीय लोकतंत्र के स्वरूप को उस हद तक बदल दिया जाएगा, जिससे इसे पहचान पाना ही कठिन हो जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट के एक और जज बने राज्यपाल

सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जजों के लिए ढेर सारे आयोग और ट्रिब्यूनल में अध्यक्ष और सदस्य के पद आरक्षित हैं। सरकार की ओर से रिटायरमेंट के बाद कोई पद देने की मिसाल कम ही है। लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद ऐसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जब देश की सर्वोच्च अदालत से कोई जज रिटायर हुआ हो और उसे तत्काल किसी बड़े पद पर नियुक्त कर दिया है। इस मामले में नया नाम जस्टिस एस अब्दुल नजीर का है। उनको आंध्र प्रदेश जैसे बड़े राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। जस्टिस नजीर काफी चर्चित रहे हैं और सरकार को राहत देने वाले कई फैसलों में शामिल रहे हैं। सबसे हाल में वे नोटबंदी पर दिए गए फैसले से चर्चा में थे।जस्टिस एस अब्दुल नजीर की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने पांच सौ और एक हजार रुपए के नोट बंद करने के केंद्र सरकार के फैसले को वैध ठहराते हुए उस पर मुहर लगाई थी। उस बेंच में जस्टिस नजीर के साथ जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस बी रामासुब्रह्मण्यम शामिल थे। राजनीतिक रूप से बेहद अहम दो और मामलों में फैसला देने वाली बेंच में जस्टिस नजीर शामिल थे। वे अयोध्या में राम मंदिर से जुड़े मामले पर फैसले देने वाली बेंच में भी थे और तीन तलाक को अवैध ठहराने वाली बेंच में भी शामिल थे। गौरतलब है कि राम मंदिर पर फैसला देने वाली बेंच के अध्यक्ष चीफ जस्टिस रंजन गोगोई थे, जिनको रिटायर होने के तुरंत बाद राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। तब इसे लेकर काफी विवाद हुआ था। केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट के रिटायर चीफ जस्टिस पी सदाशिवम को केरल का राज्यपाल बनाया गया था। तब भी कानून के जानकारों ने इसे गलत परंपरा की शुरुआत कहा था।

# जाति जनगणना : तार्किक और समसामयिक भी

**नवल किशोर**

बिहार में जातिगत सर्वे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वैसे समूचे देश में इस कवायद की मांग कुछ राजनीतिक दल कर रहे हैं।

बिहार ने इस दिशा में पहल कर दी है, जिसे लेकर पक्ष-विपक्ष में राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का रण चरम पर है। बिहार में जातिगत सर्वेक्षण को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में हर एक घर और घर में रहने वाले सदस्यों की उपस्थिति दर्ज होगीय और दूसरे चरण में 26 सवालों के माध्यम से हरेक व्यक्ति के सामाजिक-आर्थिक आंकड़े अंकित किए जाएंगे।

इसमें जाति, धर्म, व्यवसाय के साथ निवासियों से जुड़ी अन्य जानकारी भी सूचीबद्ध की जाएंगी। पांच लाख से अधिक कर्मचारियों के सहयोग से यह कार्य मई महीने के अंत तक पूर्ण करने की लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा मनाही के बाद राज्य सरकार ने अपने खर्च पर जातिगत सर्वे कराने का निर्णय लिया था जिसमें लगभग पांच सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

राज्य के सभी दल इस निर्णय में शामिल थे और इसके पक्ष में विधानमंडल दो-दो बार सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेज चुका था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य की जनसंख्या की सामाजिक-आर्थिक जानकारी शीघ्र ही उपलब्ध होंगी और ये आंकड़े केंद्र सरकार को भी भेजे जाएंगे। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसे लगातार रोकने के लिए भाजपा को गरीब-दलित विरोधी बताया।

वहीं नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने इसे करदाताओं के पैसे की बर्बादी बताया और कहा कि इससे जातियों के बीच तनाव पैदा होंगे। कई मीडिया चौनल इसे मंडल-कमंडल के चश्मे से भी देखने की कोशिश कर रहे हैं, और इसके राजनैतिक इस्तेमाल पर चर्चा करने-कराने में व्यस्त हैं। आम तौर पर जानकारी और आंकड़ों से वही डरता है, जो भ्रम में जीना चाहता है। सांच को आंच क्या? गांव या पंचायत स्तर पर हर कोई अपने पड़ोसी की जाति की जानकारी रखता है। जातिगत



जानकारी भर से से टकराव की स्थिति बन जाए, यह बात समझ से परे है। तथ्य है कि जिस गांव में एक ही जाति के लोग हैं, वहां कोई टकराव नहीं होता। जाति की जानकारी होने मात्र से सामाजिक संबंध और भाईचारा बिगड़ जाए, ऐसा कोई समाजशास्त्रीय दावा नहीं करता।

सनद रहे कि बिना जाति के भारतीय समाज या यूं कहें कि सनातन समाज की बनावट को समझना नामुमकिन है। दरअसल, जातिगत संरचना गैर-बराबरी पर आधारित है, और यही अन्याय का व्याकरण भी है। वर्ण व्यवस्था में संप्रभु वर्ग है, जिसने सदियों से सत्ता, सम्मान और संसाधनों पर वर्चस्व बनाकर रखा था। फलस्वरूप समाज का बहुसंख्यक हिस्सा अमानवीय शोषण का शिकार रहा है। पहली जातीय जनगणना 1931 के अनुसार हिंदू समाज का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा शोषित रहा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी इन शोषित समूहों ने वर्ण व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद की थी।

संविधान सभा में भी इस पर खुल कर बहस हुई थी और इसे दूर तथा दुरुस्त करने के उपचार भी इंगित किए गए। यही कारण है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आरक्षण के माध्यम से मुख्यधारा में लाने के लिए क्रमशरू 15 फीसदी और 75 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था की गई। स्वतंत्रता के बाद से ही इनकी गिनती भी पहली भारतीय जनगणना से ही होती रही है। संविधान निर्माताओं ने समाज के एक अन्य बहुसंख्यक हिस्से को भी सामाजिक और शैक्षणिक तौर पर पिछड़े वर्ग के रूप में चिन्हित किया था जिन्हें मुख्यधारा में लाना सरकार की भावी जिम्मेदारी थी।

केंद्र सरकार ने 1953 में काका कालेलकर की अध्यक्षता में प्रथम पिछड़ा आयोग का गठन भी किया जिसकी रिपोर्ट 1955 में संसद के पटल पर रखी गई। लेकिन राष्ट्र-निर्माण के रास्ते में बाधा का हवाला देकर उस रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया। दो दशक पश्चात जनता पार्टी की सरकार ने 1978 में बीपी मंडल की अध्यक्षता में दूसरे पिछड़ा आयोग गठित किया। मंडल आयोग ने 1980 में ही पिछड़ों को मुख्यधारा में लाने के लिए 40 सूत्री अनुशंसापत्र सरकार को सौंप दिया था। इससे पूर्व बिहार सरकार ने 1970 में मुंगेरी लाल आयोग का गठन किया जिसने 1977 में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट को कर्पूरी ठाकुर ने लागू किया था।

इन तीनों आयोगों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट में जातिगत आंकड़ों की आवश्यकता का जिक्र किया। वर्तमान आंकड़े होते तो रिपोर्ट को तर्कसंगत और वैज्ञानिक बनाने में सहायक होते। विकासवादी दृष्टिकोण से विचार किया जाए तो 1931 की जातीय जनगणना की जगह पर सरकार वर्तमान आंकड़ों के आधार पर नीतिगत योजनाएं बनाए तो उसके यकीनन

**सनद रहे कि बिना जाति के भारतीय समाज या यूं कहें कि सनातन समाज की बनावट को समझना नामुमकिन है। दरअसल, जातिगत संरचना गैर-बराबरी पर आधारित है, और यही अन्याय का व्याकरण भी है। वर्ण व्यवस्था में संप्रभु वर्ग है, जिसने सदियों से सत्ता, सम्मान और संसाधनों पर वर्चस्व बनाकर रखा था। फलस्वरूप समाज का बहुसंख्यक हिस्सा अमानवीय शोषण का शिकार रहा है। पहली जातीय जनगणना 1931 के अनुसार हिंदू समाज का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा शोषित रहा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी इन शोषित समूहों ने वर्ण व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। संविधान सभा में भी इस पर खुल कर बहस हुई थी और इसे दूर तथा दुरुस्त करने के उपचार भी इंगित किए गए। यही कारण है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आरक्षण के माध्यम से मुख्यधारा में लाने के लिए क्रमशरू 15 फीसदी और 75 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था की गई। स्वतंत्रता के बाद से ही इनकी गिनती भी पहली भारतीय जनगणना से ही होती रही है। संविधान निर्माताओं ने समाज के एक अन्य बहुसंख्यक हिस्से को भी सामाजिक और शैक्षणिक तौर पर पिछड़े वर्ग के रूप में चिन्हित किया था जिन्हें मुख्यधारा में लाना सरकार की भावी जिम्मेदारी थी।**

परिणाम बेहतर हो सकते हैं। साथ ही, समाज के समावेशी विकास का पथ भी अधिक प्रशस्त होगा। इसलिए जातिगत जनगणना की मांग या कवायद ज्यादा तार्किक और समसामयिक प्रतीत होती है।

# फेफड़ों की कार्यक्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकती हैं ये 5 एक्सरसाइज

फेफड़े शरीर के हर हिस्से में अक्सीजन पहुंचाने का काम करते हैं। हालांकि, कुछ संक्रमण और बीमारी के साथ-साथ बढ़ती उम्र के कारण फेफड़ों की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगती है। इस वजह से शरीर को ढंग से अक्सीजन न मिलने, सांस फूलने और कई फेफड़ों संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जिनका नियमित अभ्यास फेफड़ों की कार्यक्षमता बेहतर करने में मदद कर सकता है।

**बैलून एक्सरसाइज**

यह एक्सरसाइज भी फेफड़ों की कार्यक्षमता को बढ़ाने में काफी मदद कर सकती है। इस एक्सरसाइज को करने के लिए आपको अपने मुंह से गुब्बारे फुलाने होंगे। दरअसल, गुब्बारा फुलाने के दौरान गहरी सांस लेते है, जिसकी वजह से फेफड़ों में अधिक मात्रा में अक्सीजन पहुंचती है और शरीर में ब्लड अक्सीजन की कमी नहीं होती हैं। इसके अतिरिक्त, इस एक्सरसाइज से पसलियों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।

**लिप ब्रीथिंग एक्सरसाइज**

इस एक्सरसाइज को आप टीवी देखते-देखते या फिर कोई भी काम करते समय कर सकते हैं। लिप ब्रीथिंग करने के लिए नाक से सामान्य तरीके से सांस लें। इसके बाद होंठों से सांस को इस तरह धीरे-धीरे छोड़ें जैसे कि केक पर लगी मोमबत्तियों को बुझाने के लिए फूंक मारी जाती है। इस क्रम को आप पांच से छह बार या फिर अपनी सुविधानुसार दोहरा सकते हैं। इस एक्सरसाइज से फेफड़े और हृदय के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**एरोबिक्स एक्सरसाइज**

एरोबिक्स एक्सरसाइज के नियमित अभ्यास से फेफ-ड़ों की कार्यक्षमता बेहतर होती है, जिससे अक्सीजन का प्रवाह भी अच्छा होता है। इसके अलावा यह एक्सरसाइज हृदय स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। एरोबिक एक्सरसाइज में आप अपने वर्कआउट रूटीन में स्विमिंग, रनिंग, जगिंग, साइकिलिंग और वकिंग आदि को शामिल कर सकते हैं। इन एक्सरसाइज को रोजाना 20-30 मिनट तक करने से आपको फेफड़ों संबंधित कई समस्याओं से टुटकारा मिल सकता है।

**माउंटेन क्लाइंबर एक्सरसाइज**

माउंटेन क्लाइंबर के लिए सबसे पहले जमीन पर घुटनों के बल बैठें, फिर अपनी दोनों हथेलियों को जमीन पर रखें। अब अपने दोनों पैरों को पीटे की ओर सीधा कर लें। इसके बाद अपने दाएं पैर के घुटने को मोड़ें और इसे अपनी छाती की ओर लाएं। इसके बाद इसे सीधा करें। जब आप दाएं पैर को सीधा करें और अपने बाएं पैर के घुटने को अपनी छाती की ओर लाएं। कुछ मिनट तक ऐसे ही पैरों को चलाते रहें।

**डायाफ्रामिक ब्रीथिंग**

इस एक्सरसाइज के लिए किसी समतल और शांत जगह पर सीधे बैठ जाएं या फिर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपना एक हाथ सीने पर और दूसरा पेट पर रखें। इसके बाद नाक से सामान्य तरीके से ऐसे सांस लें कि पेट ज्यादा से ज्यादा अंदर की ओर सिकुड़े और फिर धीरे-धीरे नाक से सांस छोड़ें। इस एक्सरसाइज को एक से दो मिनट दोहराने के बाद सामान्य हो जाएं।

## शाहरुख ने शराब के नशे में की दादी की हत्या, गिरफ्तार

**नई दिल्ली एजेंसी,** । देश की राजधानी दिल्ली के प्रेम नगर इलाके से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां शाहरुख ने शराब के नशे में अपनी दादी का मर्डर कर दिया। आरोपी की उम्र करीब 30 साल है और उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मजदूरी करता है और उसने अपनी दादी के सिर के पिछले हिस्से में चोट मारी। इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि आरोपी ने नशे की हालत में दादी को धक्का दिया, जिसके परिणामस्वरूप उसे चोट लगी और उसकी मौत हो गई।

सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो मृतका की पहचान 90 वर्षीय रायसा के रूप में हुई। पुलिस ने आगे कहा कि शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसजीएम अस्पताल भिजवा दिया। हालांकि हत्या की वजह पता नहीं चली है। पुलिस जांच कर रही है इस हत्या के पीटे का कारण क्या है।

## ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडल से मिले भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने

**बेंगलुरु , एजेंसी** ।बेंगलुरु में येलहंका के वायु सेना स्टेशन में एशिया के सबसे बड़े एयरो शो - एयरो इंडिया 2023 के 14 वें संस्करण का आयोजन हो रहा है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने ब्रिटेन के रक्षा खरीद राज्य मंत्री एलेक्स चाक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यह बैठक एयरो इंडिया 2023 के दौरान आयोजित की गई थी, जिसका उद्घाटन 13 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था।संभावित रक्षा औद्योगिक सहयोग के क्षेत्रों सहित कई चल रहे और भविष्य के रक्षा सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की गई। ब्रिटेन के मंत्री के साथ भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस भी थे।

## महंगाई का अप्रत्याशित झटका, खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में उछलकर 6 .52 फीसदी पर पहुंची

**नयी दिल्ली , एजेंसी**। खुदरा मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रा स्फीति जनवरी में उछलकर फिर भारतीय रिजर्व बैंक की लक्षित छह प्रतिशत की सीमा को पार करते हुए 652 प्रतिशत पर पहुंच गयी जबकि दिसंबर में यह 572 फीसदी थी।

जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर के बाद खुदरा मुद्रा स्फीति का यह सबसे ऊंचा स्तर है और इससे रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी)की अगली समीक्षा बैठक में नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि का सिलसिला थमने की संभावना क्षीण हो गयी है।

एमपीसी की पिछले सप्ताह हुई बैठक में नीतिगत ब्याज दर को 025 प्रतिशत बढ़ाकर 650 प्रतिशत कर दिया गया था।

जनवरी में खाद्य मुद्रास्फीति 4.19 प्रतिशत की तुलना में 5.94 प्रतिशत रही जबकि प्रमुख खुदरा मुद्रास्फीति (खाद्य एवं ईंधन को छोड़कर) 6.09 प्रतिशत पर इससे पिछले माह के स्तर पर बनी रही। दिसंबर में प्रमुख मुद्रास्फीति 6.10 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति में खाद्य मुद्रास्फीति का भारांश 40 प्रतिशत है। जनवरी में अनाज और दूध के दामों में इजाफा बना रहा। अनाज की कीमतें जनवरी में एक साल पहले की तुलना में 16 प्रतिशत और दूध और अंडे की कीमतें 8.8 प्रतिशत ऊंची थीं लेकिन सब्जियों का दाम सालाना आधार पर 11.7 प्रतिशत घटा।

रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति की दर दो प्रतिशत घटबढ़ के साथ चार प्रतिशत के स्तर पर रखने की जिम्मेदारी है और वह कीमतों में वृद्धि की प्रत्याशा पर अंकुश लगाने के लिए लगातार ब्याज दर बढ़ा रहा है।

# खाद्यान्न की बंपर पैदावार, गेहूं बनाएगा नया रिकार्ड, 1122 करोड़ टन की रिकार्ड उपज का अनुमान



**नई दिल्ली, एजेंसी**। मानसून की अच्छी बारिश और रबी सीजन के बेहतर मौसम से चालू फसल वर्ष 2022-23 में खाद्यान्न की बंपर पैदावार का अनुमान है। इस बार 3236 करोड़ टन कुल खाद्यान्न की पैदावार होगी, जो पिछले वर्ष के 3156 करोड़ टन के मुकाबले 80 लाख टन अधिक होगा। रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की 1122 करोड़ टन की रिकार्ड पैदावार का अनुमान है।

सीजन के दौरान रोगों का प्रकोप न होने से तिलहनी फसलों की कुल पैदावार चार करोड़ टन होगी जिसमें अकेले सरसों की हिस्सेदारी 128 करोड़ टन होगी। षि मंत्रालय ने मंगलवार को दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है। षि मंत्री नरेंद्र तोमर ने फसलों की बंपर पैदावार का श्रेय किसानों व वैज्ञानिकों की मेहनत और सरकार की नीतियों को दिया है।

चालू फसल वर्ष के दौरान मानसून सीजन की अच्छी बारिश से रबी सीजन के लिए जहां खेतों में पर्याप्त नमी मिली वहीं खरीफ वाली फसलों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। पिछले रबी सीजन में गेहूं की फसल के पकने के समय अचानक तापमान के बढ़ जाने से उत्पादकता पर विपरीत असर पड़ा, जिससे कुल पैदावार में 6 से 10 फीसद तक की कमी आई थी। लेकिन इस बार फरवरी के पहले पखवारे में तापमान गेहूं की फसल के अनुकूल बना हुआ है, जिसके ऐसे ही बने रहने की संभावना है। जारी अग्रिम अनुमान के मुताबिक कुल गेहूं की पैदावार अब तक की सर्वाधिक 1122 करोड़ टन होगी। जबकि बीते खरीफ और चालू रबी सीजन के दौरान चावल की कुल पैदावार इस बार 13.08 करोड़ टन जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के मद्देनजर इस वर्ग की सभी फसलों की खेती का रकबा बढ़ा है, जिससे कुल पैदावार 527 करोड़ टन हो सकती है। जबकि पिछले वर्ष इसकी पैदावार 5.11 करोड़ टन थी। एथनाल व अन्य मदों में बढ़ी मांग के मद्देनजर मक्के का पिछले साल के 337 करोड़ टन उत्पादन के मुकाबले 346 करोड़ टन होने का अनुमान है।

दलहनी फसलों की खेती भी इस बार अच्छी रही है, जिससे दलहनी फसलों का कुल उत्पादन 2.73 करोड़ टन के मुकाबले 2.78 करोड़ टन होगा। इसमें प्रमुख दलहनी फसल चना का कुल उत्पादन 136 करोड़ टन होगा, जो पिछले वर्ष के 135 करोड़ टन से अधिक है। घरेलू बाजार में खाद्य तेलों की महंगाई के मद्देनज किसानों का रुझान तिलहनी फसलों की खेती की ओर गया है।

तिलहनी फसलों का कुल उत्पादन चार करोड़ टन होने का अनुमान है, जो अब तक का सर्वाधिक उत्पादन होगा। इसमें सरसों की हिस्सेदारी सर्वाधिक 128 करोड़ टन होगी। मूंगफली की पैदावार एक करोड़ टन होगी। कपास की पैदावार 337 करोड़ गांठें (प्रति गांठ 170 किग्रा) होने का अनुमान है। इसी तरह गन्ने का उत्पादन 4688 करोड़ टन होगा।

## श्री आशुतोष गंगल ने मुरादाबाद मण्डल के चांदपुर सियाऊ- बिजनौर- नजीबाबाद- धामपुर-सेक्शन का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** श्री आशुतोष गंगल महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने आज मुरादाबाद मण्डल के गजरौला- चांदपुर सियाऊ- बिजनौर-नजीबाबाद - मुरादाबाद सेक्शन का निरीक्षण किया । इस अवसर पर श्री अजय नन्दन, मण्डल रेल प्रबंधक मुरादाबाद तथा अन्य अधिकारिगण भी उपस्थित थे।

महाप्रबंधक ने मण्डल के गजरौला सेक्शन से निरीक्षण प्रारंभ किया तथा चांदपुर सियाउ के मध्य ब्लक सेक्शन में रेल पथ, ओ.एच. ई., सिगनल सिस्टम का निरीक्षण करते हुए चांदपुर सियाऊ पहुंचे। महाप्रबंधक ने चांदपुर सियाऊ रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने चांदपुर सियाऊ स्टेशन पर यहां इलेक्ट्रनिक इंटरलकिंग होने के लिए बन रही नई बिल्डिंग का निरीक्षण किया तथा मण्डल रेल प्रबंधक श्री अजय नन्दन एवं मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों ने महाप्रबंधक महोदय को स्टेशन पर किए जा रहे विकास कार्यो तथा इलेक्ट्रनिक इंटरलकिंग के चल रहे कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।

श्री आशुतोष गंगल ने सेक्शन पर यात्री सुविधाओं तथा मण्डल पर चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण तथा समीक्षा कर कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिये ।

## पाकिस्तान में महंगाई की मार, अब दूध 210 रुपए लीटर, 1 किलो चावल 200 में

इस्लामाबाद एजेंसी,। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की अवाम को शहबाज शरीफ सरकार हर रोज एक नया झटका दे दे रही है। अभी पिछले दिनों ही एक बार फिर से बिजली की दरों में हुई बढ़ोतरी महंगाई से जूझ रही पाकिस्तानी जनता पर आफत बनकर गिरी है। अब पाकिस्तानी अवाम दिन गिन रही है कि कब शहबाज शरीफ सरकार का महंगाई बम उनके ऊपर फूटेगा और पाकिस्तान का पूरा सिस्टम धराशाई हो जाएगा। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार दो-ढाई अरब डलर तक गिर चुका है। पाकिस्तान के हालात दिन पर दिन बदतर होते जा रहे हैं, लोगों के लिए रोजमर्रा का सामान खरीदना मुश्किल हो गया है। अब खबर आ रही है कि दूध और चिकन के दाम फिर बढ़ा दिए गए हैं। पाकिस्तानी अखबार डन ने बताया कि खुले दूध की कीमतें 190 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 210 रुपये प्रति लीटर कर दी गई हैं और पिछले दो दिनों में चिकन में 30-40 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि देखी गई है, जिसके साथ अब इसकी कीमत 480-500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। चिकन मांस अब 700-780 प्रति किलोग्राम पर बेचा जा रहा है जो पहले 620-650 प्रति किलोग्राम था, रिपोर्ट में कहा गया है कि हड्डी सहित मांस की कीमत 1,000-1,100 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। दूध की कीमतों पर, कराची मिल्क रिटेलर्स एसोसिएशन के मीडिया समन्वयक वहीद गद्दी ने डन से कहा कि 1,000 से अधिक दुकानदार दूध की कीमतों को बढ़ा कर बेच रहे हैं। ये वास्तव में थोक विक्रेताओंध्डेयरी की दुकानें हैं न कि हमारे सदस्यों की। उन्होंने आगे कहा कि अगर डेयरी और थोक विक्रेताओं द्वारा घोषित मूल्य वृद्धि ऐसे ही रही तो दूध की कीमत 210 रुपये के बजाय 220 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर हो जाएगी।

## इमरान खान का यू-टर्न स्कोर शतक के करीब

**इस्लामाबाद एजेंसी।** शासन परिवर्तन की साजिश पर इमरान खान के रुख में नए बदलाव के साथ, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा लिए गए श्यू-टर्न की संख्या शतक को पार कर सकती है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। खान की एकमात्र सुसंगत नीति यह है कि उन्होंने अपने हर यू-टर्न पर फिर से कोई टर्न नहीं लिया है।

खान ने श्यू-टर्न को नेतृत्व की पहचान बताया। 18 नवंबर, 2018 को अपने यू-टर्न को सही ठहराते और बचाव करते हुए, खान ने ट्वीट किया, एक उद्देश्य तक पहुंचने के लिए यू-टर्न लेना महान नेतृत्व की पहचान है, जैसे कि गलत तरीके से अर्जित धन को बचाने के लिए झूठ बोलना बदमाशों की पहचान होती है।

सत्ता में आने के बाद, खान ने अपने मंत्रिमंडल के साथ 2018 के चुनाव जीतने से पहले देश से किए गए अधिकांश वादों से पीटे हट गए।

सरकार से निकाले जाने के बाद भी, श्यू-टर्न नीति अभी भी खान की रणनीति का एक हिस्सा है।

खान के प्रसिद्ध यू-टर्न की एक लंबी सूची है जो उन्होंने वर्षों में अपनाई है।

27 मार्च, 2022 को खान ने इस्लामाबाद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव और उनकी सरकार के खिलाफ साजिश के पीटे अमेरिका का हाथ है। बाद में उन्होंने अमेरिकी षडयंत्र वाले इस बयान पर चार-चार बार रुख बदले।

खान ने फिर से यूएस-साजिश सिद्धांत पर अपना रुख बदल दिया और इस बार उन्होंने नवाज शरीफ, आसिफ अली जरदारी, मौलाना फजलुर रहमान और अन्य को अपरेशन के वास्तविक चरित्र के रूप में दोषी ठहराया।

प्रधान मंत्री पद से हटाए जाने के बाद, खान ने विपक्षी नेताओं के साथ सेना प्रमुख की बैठक के तर्क पर सवाल उठाया। जबकि, उसी समय मीडिया ने खुलासा किया कि खान ने तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा के साथ भी बैठक की थी।

खान ने अपनी पार्टी के नेताओं और नेशनल असेंबली के सदस्यों को अविश्वास प्रस्ताव के समय किसी भी विदेशी राजनयिक से नहीं मिलने की चेतावनी दी। हालांकि, बाद में न केवल पीटीआई नेताओं बल्कि खान ने भी राजनयिकों से मुलाकात की।

अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया में, खान ने दावा किया कि विपक्षी दल उनकी पार्टी के सदस्यों के वोट खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। बाद में, एक अडियो लीक से पता चला कि खान खुद अपनी सरकार को बचाने के लिए वोटों का प्रबंधन करने की कोशिश कर रहे थे।

खान ने अपनी सरकार को बचाने के बदले में जनरल बाजवा को सेवा विस्तार देने की पेशकश की थी। हालांकि, प्रधानमंत्री पद से हटाए जाने के बाद खान ने बाजवा की आलोचना की।

एक प्रधानमंत्री के रूप में, खान ने दावा किया था कि उनके पास सभी शक्तियां हैं, लेकिन जब उन्हें बाहर कर दिया गया, तो उन्होंने अपना रुख बदल दिया और कहा कि वह सरकार के प्रमुख तो थे लेकिन बिना शक्ति के।

खान ने वादा किया कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और गवर्नर हाउस को शिक्षण संस्थानों में बदला जाएगा। हालांकि, न केवल इमरान खान प्रधानमंत्री आवास में स्थानांतरित हुए, बल्कि उनकी पार्टी के मुख्यमंत्री और राज्यपाल भी मुख्यमंत्री और गवर्नर हाउस में स्थानांतरित हो गए।

## डीजेबी में 20 करोड़ रुपये के गबन में 3 गिरफ्तार : एसीबी

**नई दिल्ली एजेंसी,** ।दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 20 करोड़ रुपये के गबन के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अरम ई-पेमेंट के मालिक राजेंद्रन कीझेदथ नायर, अरम ई-पेमेंट के सीएफओ गोपी कुमार केडिया और अरम ई-पेमेंट के अतिरिक्त निदेशक अभिलाष वासुकुट्टन पिल्लई के रूप में हुई है। एसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह कदम सतर्कता विभाग, डीजेबी द्वारा की गई जांच के बाद आया, जिसमें 20 करोड़ रुपये के धन के गबन का खुलासा हुआ।संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी) मधुर वर्मा ने कहा, डीजेबी ने अपने उपभोक्ताओं को बिल भुगतान में सुविधा प्रदान करने के लिए कर्पोरेशन बैंक (अब यूनियन बैंक अफ इंडिया) को अपने कार्यालयों में विभिन्न स्थानों पर अटोमोटिव बिल भुगतान संग्रह मशीन स्थापित करने का काम सौंपा था।

# यूपी : अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान मां-बेटी की जलकर मौत

**कानपुर एजेंसी** । उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले के एक गांव में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान 45 वर्षीय महिला प्रमिला और उसकी 20 वर्षीय बेटी नेहा की आग से जलकर मौत हो गई। मामले में जहां पुलिस ने कहा कि महिलाओं ने खुद आग लगा ली, वहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि जब महिलाएं अंदर थीं, तो पुलिस वालों ने झोपड़ी में आग लगा दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार देर शाम जिले के रूरा क्षेत्र के मडौली गांव में हुई, जहां पुलिस, जिला प्रशासन और राजस्व अधिकारी सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने गए थे।

ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी बुलडोजर लेकर पहुंचे और उन्हें कोई पूर्व सूचना



नहीं दी गई।

शिवम दीक्षित ने कहा, जब लोग अंदर थे तब उन्होंने आग लगा दी। हम भागने में सफल रहे। उन्होंने हमारे मंदिर को तोड़ दिया। किसी ने कुछ नहीं किया, जिलाधिकारी ने भी नहीं। हर कोई भागा, कोई मेरी मां को नहीं बचा सका।

पुलिस ने हालांकि कहा कि प्रमिला दीक्षित और उनकी बेटी नेहा ने खुद ही आग लगा ली।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि रूरा स्टेशन हाउस अफिसर (एसएचओ) दिनेश गौतम और प्रमिला के पति गेंदन लाल भी महिलाओं को बचाने की कोशिश में झुलस गए।

इस बीच, पुलिस अधीक्षक (एसपी) बीबीजीटीएस मूर्ति ने कहा, महिला और उसकी बेटी ने खुद को झोपड़ी के अंदर बंद कर लिया और आग लगा ली, जिससे उनकी मौत हो गई। हम जांच करेंगे और अगर कोई गलत काम हुआ है, तो हम अपराधी को नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, जब भी कोई अतिक्रमण विरोधी अभियान होता है, एक वीडियो शूट किया जाता है। हमने वीडियो मांगा है और इसकी जांच करेंगे।

इस बीच, गांव में तनाव व्याप्त है और पुलिस पर पथराव की घटनाएं भी सामने आई हैं।

ग्रामीण कथित हत्या के आरोप में अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (मैथा) ज्ञानेश्वर प्रसाद, लेखपाल सिंह और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।

अतिरिक्तपुलिस महानिदेशक (कानपुर जोन) आलोक सिंह ने मंडलायुक्त राज शेखर के साथ भीड़ को शांत करने के लिए गांव का दौरा किया और दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

समाजवादी पार्टी ने महिलाओं की मौत के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। समाजवादी पार्टी ने ट्वीट किया, योगी (आदित्यनाथ) सरकार में ब्राह्मण परिवारों को निशाना बनाया जाता है और ऐसी घटनाएं चुनिंदा तरीके से हो रही हैं। दलितों और पिछड़ों की तरह ब्राह्मण भी योगी सरकार के अत्याचार का निशाना हैं।

## मरीशस से अडानी ग्रुप को क्लीन चिट, सारी डील नियम के तहत हुई

**नई दिल्ली , एजेंसी।** मरीशस के फाइनेंशियल सर्विस कमीशन ने अडानी ग्रुप को बड़ी राहत दी है, उसने अडानी ग्रुप से जुड़ी 38 कंपनियों और 11 फंड में माना कि उसे किसी भी नियम कानून का उल्लघंन नहीं मिला है। कमीशन के सीईओ धानीश्वरनाथ विकास ठाकूर ने बिजनेस स्टैण्डर्ड से कहा कि शुरुआती पड़ताल में मरीशस में अडाणी ग्रुप से जुड़ी सभी एन्टीटीज में अभी तक जो भी जानकारी दी गई है, उसमें हमें किसी भी प्रकार से हमारे नियमों का उल्लंघन नहीं मिला है। ये उनकी आंतरिक रिपोर्ट है जिसे सेबी के साथ साझा नहीं किया गया है। बता दें कि शर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडाणी ग्रुप की कंपनियों को बाजार मूल्य में 100 बिलियन डलर का नुकसान हो चुका है।

## अयोध्या में विशाल मुख्यालय खोलने की तैयारी में आरएसएस, जमीन के लिए किया आवेदन

**अयोध्या एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या में अपना एक और मुख्यालय बनाने की इच्टुक है और इसके लिए संघ ने आवास विकास परिषद से 100 एकड़ जमीन मांगी है। संघ को भूमि ग्रीन फील्डशिप योजना (नव्य अयोध्या) में चाहिए। संघ ने इसके लिए आवेदन कर दिया है। उक्त जानकारी आवास विकास परिषद के एक अधिकारी ने एक मीडिया हाउस के साथबातचीत में कही।बताई। यानी, अगर मंजूरी मिल गईतो अयोध्या आरएसएस का नया गढ़ होगा। फिलहाल नागपुर में अयोध्या का मुख्यालय है।

दरअसल, कोविड की 4 लहर थमने के साथ ही आरएसएस के 3 बड़े राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम यहां हो चुके हैं। आने वाले साल में आरएसएस की स्थापना का शताब्दी वर्ष है। आरएसएस अयोध्या में बड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी में है। इस वर्ष आरएसएस यहां मुख्यालय तैयार करा लेना चाहता है जोकि यूपी का सबसे बड़ा कार्यालय होगा। जहां, इतना पर्याप्त स्थान होगा कि बड़े आयोजन परिसर में ही आयोजित किए जा सकें। हालांकि अयोध्या के निकट ही पुराने फैजाबाद नगर की साकेतपुरी कालोनी में लगभग 1 लाख वर्ग फीट में क्रस्स् का प्रांतीय मुख्यालय बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के प्रारंभ होने के बाद से जिस तरह से संगठन की गतिविधियां और कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का आवागमन बढ़ा है।

## केंद्रीय मंत्री को जान से मारने की साजिश

**नई दिल्ली एजेंसी**। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को हत्या की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। खबर है कि आरोपी ने नित्यानंद राय को महाशिवरात्रि पर गोली मारने की धमकी दी थी। केंद्रीय मंत्री शिवरात्रि के मौके पर हाजीपुर में निकलने वाली शिव बारात में शरीक होने वाले हैं। उन्हें जूलुस में जान से मारने की धमकी देते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय पर हमले की साजिश नाकाम हुई है। बिहार की वैशाली पुलिस ने हाजीपुर से एक युवक को गिरफ्तार किया है।

खबर है कि आरोपी ने नित्यानंद राय को महाशिवरात्रि पर गोली मारने की धमकी दी थी। केंद्रीय मंत्री शिवरात्रि के मौके पर हाजीपुर में निकलने वाली शिव बारात में शरीक होने वाले हैं। उन्हें जूलुस में जान से मारने की धमकी देते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

## राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2023 के मौके पर रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी की

**नई दिल्ली , एजेंसी** । कर्नाटक के बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2023 के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सम्मेलन का व्यापक विषय बढ़ी हुई व्यस्तताओं के माध्यम से साझा समृद्धि था। रक्षा में (स्पीड)। इसने क्षमता निर्माण (निवेश, अनुसंधान एवं विकास, संयुक्त उद्यम, सह-विकास, सह-उत्पादन और रक्षा उपकरणों के प्रावधान के माध्यम से), प्रशिक्षण, अंतरिक्ष, एआई और समुद्री सुरक्षा को एक साथ विकसित करने के लिए सहयोग को गहरा करने से संबंधित पहलुओं को संबोधित करने की मांग की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि तेजी से जटिल वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में अधिक सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि घटना का विषय स्पीड वर्तमान युग की विशेषता है जिसमें भू-राजनीतिक और सुरक्षा वास्तविकताएं अब तक अज्ञात गति से बदल रही हैं। उन्होंने ऐसे तेज गति वाले परिवर्तनों का जवाब देने के लिए वास्तविक समय के सहयोग का आह्वान किया। राजनाथ सिंह का विचार था कि अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, स्वास्थ्य या जलवायु के क्षेत्र में किसी भी बड़े बदलाव की वैश्विक प्रतिध्वनि होती है और जब किसी क्षेत्र की शांति और सुरक्षा को खतरा होता है, तो पूरी दुनिया इसके प्रभाव को कई तरह से महसूस करती है। उन्होंने कहा कि एक परस्पर जुड़े और नेटवर्क वाले विश्व में, झटकों और गड़बड़ी का तेजी से संचरण किसी के अपने देश को अन्य देशों के मुद्दों से अलग करना असंभव बना देता है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए शिखर सम्मेलनों, सम्मेलनों और सम्मेलनों के दौरान नियमित बातचीत पर जोर दिया कि सभी की चिंताओं को एक सामान्य, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के लिए उपयुक्त रूप से संबोधित किया जाए।रक्षा मंत्री ने एक नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए भारत के रुख की पुष्टि की, जिसमें शक्ति के सही होने की मूल प्रवृत्ति को सभी संप्रभु राष्ट्रों के बीच निष्पक्षता, सहयोग, सम्मान और समानता की सभ्यतागत अवधारणा द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी गुट या राष्ट्रों के एक समूह के दूसरे के खिलाफ गठबंधन के बिना, भारत ने सभी राष्ट्रों, विशेष रूप से विकासशील लोगों के उत्थान के लिए निरंतर काम किया है। भारत हमेशा दुनिया भर से नए विचारों के लिए खुला रहा है, विभिन्न विचारों के मिश्रण और प्रतियोगिता ने हमें एक वैश्विक विचार केंद्र बना दिया है। हमारा प्राचीन लोकाचार न केवल पारस्परिक लाभ के लिए सहयोग की दिशा में काम करने के लिए हमारा मार्गदर्शन करता है, बल्कि एक परिवार के रूप में संपूर्ण मानवता की शिक्षाप्रद पहचान के लिए मात्र लेन-देन के दृष्टिकोण से आगे एक स्वागत योग्य कदम है

# मॉर्गन ने क्रिकेट को अलविदा कहा




लंदन । इंग्लैंड को 2019 विश्व कप जिताने वाले कप्तान ऑइन मॉर्गन ने खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।

मॉर्गन ने हाल ही में समाप्त हुई एसए20 लीग में पार्ल रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए सात मैच खेले थे।

मॉर्गन ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा, मैं बेहद गर्व के साथ क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करता हूं। काफी सोच–विचार के बाद मेरा मानना है कि अब उस खेल से दूर जाने का सही समय है जिसने बीते वर्षों में इतना कुछ दिया है। साल 2005 में इंग्लैंड आने से लेकर मिडलसेक्स से जुड़ने तक और एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिये खेलने तक, मैंने हमेशा खेल का आनंद लिया।

मॉर्गन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत आयरलैंड के लिये 2006 में स्कॉटलैंड के विरुद्ध की थी। अपने पदार्पण एकदिवसीय मैच में 99 रन बनाने के बाद उन्हें अगले साल हुए विश्व कप के लिये भी टीम में शामिल किया गया, हालांकि यहां 21 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सके।

मॉर्गन ने दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर इंग्लैंड लायन्स के लिये शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिसके बाद उन्हें टी20 विश्व कप 2007 की 15–सदस्यीय स्क्वड में शामिल किया गया। इस घटना के कारण मॉर्गन ने आयरलैंड का दामन छोड़ दिया।उन्होंने कहा, जैसा कि हर खिलाड़ी के करियर में होता है, मेरे करियर में भी उतार–चढ़ाव आये लेकिन मेरा परिवार और मेरे दोस्त हमेशा मेरे साथ रहे। मैं विशेषकर अपनी पत्नी तारा, अपने परिवार और करीबी दोस्तों को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने हर हाल में मेरा साथ दिया है।

मॉर्गन ने जून 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने से पहले 379 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। इंग्लैंड ने मॉर्गन की कप्तानी में ही 2019 में अपना पहला एकदिवसीय विश्व कप भी जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद मॉर्गन ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखा। उन्होंने दुनियाभर की अलग–अलग लीगों में कुल 374 टी20 मुकाबले खेलकर 131.59 के स्ट्राइक रेट से 7780 रन बनाये।मॉर्गन ने अपनी टीम के साथियों, कोचों और प्रशंसकों का भी धन्यवाद किया और कहा कि वह क्रिकेट की वजह से ही दुनियाभर में घूम सके और अद्भुत लोगों से मिल सके।

उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से मैं अपने प्रियजनों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता सका हूं, और मुझे उम्मीद है कि अब मैं और भी ज्यादा समय निकाल सकूंगा। बहरहाल, मुझे पेशेवर क्रिकेट खेलने से जुड़ी चुनौतियों और रोमांच की कमी महसूस होगी।

मॉर्गन ने कहा, मैं भले ही अपने करियर पर विराम लगा रहा हूं, लेकिन खेल से जुड़ा रहूंगा और एक कमेंटेटर या विशेषज्ञ के तौर पर अंतरराष्ट्रीय एवं फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में प्रसारकों के साथ काम करता रहूंगा।

# क्रिप्टो, जुए का प्रचार न करें डब्ल्यूपीएल टीमें : बीसीसीआई



मुंबई । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की पांचों फ्रेंचाइजियों को क्रिप्टोकरेंसी, सट्टेबाजी, जुआ या तंबाकू कंपनियों का प्रचार न करने का आदेश दिया है।

बीसीसीआई ने एक वाणिज्यिक नियमावली जारी करते हुए टीमों को चेतावनी दी है कि प्रतिबंधित कंपनियों के साथ संबंध स्थापित करने या जर्सी पर उनका प्रचार करने से उनके विरुद्ध ह्यदंडात्मक उपायह्न अपनाये जा सकते हैं। बीसीसीआई ने आदेश दिया है कि टीमें डब्ल्यूपीएल शुरू होने से 10 पहले अपने सभी वाणिज्यिक समझौतों की सूची बोर्ड को उपलब्ध करायें।

बीसीसीआई के दस्तावेज में कहा गया, कोई भी फ्रेंचाइजी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से क्रिप्टोकरेंसी क्षेत्र में शामिल किसी भी कंपनी के साथ साझेदारी या किसी तरह का समझौता नहीं करेगी। यह दिशानिर्देश डब्ल्यूपीएल नियमों का हिस्सा हैं और इनका उल्लंघन करने पर (फ्रेंचाइजी से) परिचालन नियमों की धारा छह के नियमों के अनुसार निपटा जायेगा। फ्रेंचाइजी को अपने प्रायोजकों द्वारा उपयोग किये जाने वाले अधिकारों और लाभों का पूरा विवरण सीजन की शुरुआत से कम से कम 10 दिन पहले प्रदान करना होगा, जिसे बीसीसीआई से साझा किया जायेगा।

बीसीसीआई ने कहा, कोई भी फ्रेंचाइजी किसी इकाई के साथ साझेदारी या किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं करेगी जो किसी भी तरह से सट्टेबाजी/जुआ/असली पैसे के खेल/तंबाकू क्षेत्र में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल/संचालन करने वाली इकाई से जुड़ा/संबंधित है। फ्रेंचाइजी फैंटेसी स्पोर्ट्स क्षेत्र में संस्थाओं के साथ साझेदारी में संलग्न हो सकते हैं।

गौरतलब है कि भारत सरकार ने सट्टेबाजी और क्रिप्टोकरेंसी पर रोक लगायी हुई है, हालांकि फैंटेसी खेलों को किस्मत से ज्यादा कौशल पर आधारित माना गया है।

डब्ल्यूपीएल के पहले संस्करण का आयोजन चार मार्च से होना है। इस टूर्नामेंट में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, मुंबई इंडियन्स, दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स सहित पांच टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# वैलेंटाइन डे पर एक बार फिर एक दूजे के हुए हार्दिक—नताशा



नई दिल्ली, भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 14 फरवरी 2023 को अपनी पत्नी नताशा के साथ दूसरी बारी शादी रचा ली है। उदयपुर में रॉयल अंदाज से इस कपल ने ईसाई धर्म में धूम–धाम तरीके से शादी की। बता दें कि हार्दिक–नताशा ने साल 2020 में कोर्ट मेरिज की थी, इस दौरान सिर्फ उनका परिवार ही शादी में शामिल रहा, लेकिन इस बार हार्दिक–नताशा की शादी में कई क्रिकेटर्स और फिल्मी सितारें शामिल रहे।

दरअसल, हार्दिक और नताशा ने ईसाई धर्म के मुताबिक शादी रचा ली। उनकी शादी का थीम व्हाइट था। ऐसे में हार्दिक पांड्या ने पत्नी स्टैनकोविच को टैग कर इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा की। हार्दिक और नताशा ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा,

"हमने तीन साल पहले लिए गए वचन को एक बार फिर से दोहराकर प्यार के इस द्वीप पर वैलेंटाइन डे मनाया। हम अपने प्यार का जश्न मनाने के लिए अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनाकर काफी धन्य हैं।"

# गिल चुने गये जनवरी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को जनवरी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी आंका है। आईसीसी ने इसकी घोषणा की।

महिला क्रिकेटरों में जनवरी की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार इंग्लैंड की ग्रेस स्क्रिवन्स को दिया गया।

गिल ने अपने हमवतन मोहम्मद सिराज और न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवन कॉनवे को हराकर यह सम्मान हासिल किया। गिल को चुनिंदा मीडिया प्रतिनिधियों, आईसीसी हॉल ऑफ फेमर्स, पूर्व खिलाड़ियों और प्रशंसकों द्वारा किये गये मतदान के आधार पर यह पुरस्कार दिया गया है।

गिल ने यह पुरस्कार मिलने पर कहा, मैं आईसीसी की ओर से महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार मिलने पर रोमांचित हूं। जनवरी मेरे लिये एक विशेष महीना था और यह पुरस्कार मिलना उसे और यादगार बना देता है। मेरी इस सफलता का श्रेय मेरी टीम के साथियों और कोचों को जाता है जो एक खिलाड़ी के रूप में हमेशा मेरा समर्थन करते हैं। मैं अपने साथ नामांकित खिलाड़ियों को भी उनके प्रदर्शन के लिये बधाई देता हूं।

गिल ने जनवरी में कुल चार शतक जमाये, जिसमें न्यूजीलैंड के विरुद्ध एकदिवसीय मैच में जड़ा गया दोहरा शतक भी शामिल रहा। श्रीलंका के विरुद्ध एकदिवसीय सीरीज को 116 रन की शतकीय पारी के साथ समाप्त करने वाले गिल ने कीवी टीम के खिलाफ पहले ही वनडे में गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाते हुए 149 गेंदों पर 19 चौकों और नौ छक्कों के साथ 208 रन बनाये। दूसरे वनडे में नाबाद 40 रन जोड़ने के बाद उन्होंने तीसरे एकदिवसीय मैच में भी 112 रन की शतकीय पारी खेली। गिल ने इस यादगार सीरीज की तीन पारियों में 360 रन बनाकर तीन मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में बाबर आज़म की बराबरी कर ली। उन्होंने कहा, अपने प्रदर्शन को पहचान मिलते हुए देखना हमेशा अच्छा लगता है। मैं इन पारियों से बहुत आत्मविश्वास लूंगा, खासकर घरेलू धरती पर होने वाले पुरुष क्रिकेट विश्व कप की ओर बढ़ते हुए।

एकदिवसीय सीरीज में अविश्वसनीय प्रदर्शन के बाद गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले और दूसरे टी20 में प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सके, लेकिन तीसरे टी20 में उन्होंने 63 गेंदों पर 126 रन की विस्फोटक पारी खेल डाली। इसके साथ वह रोहित शर्मा, सुरेश रैना और विराट कोहली के बाद खेल के तीनों प्रारूपों में शतक जड़ने वाले चौथे भारतीय पुरुष क्रिकेटर बन गये। जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर और मतदाता दल के सदस्य पॉमी म्बंगवा ने कहा, बीता महीना शुभमन गिल की प्रतिभा की फिर से घोषणा कर रहा था। उनकी निस्तेज लालित्य और सुंदर शैली उनके अंडर–19 दिनों से ही स्पष्ट हो गयी है।न्यूजीलैंड के खिलाफ गिल का दोहरा शतक उन्हें एक विशिष्ट क्लब में रखता है और उनके करियर के उचित प्रस्थान का संकेत दे सकता है।

## फिल्मी सफर

# अंडरवर्ल्ड का कब्जा में नजर आएंगी श्रिया सरन



आनंद पंडित की अंडरवर्ल्ड का कब्जा 2023 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। जब से फिल्म का टीजर जारी किया गया था, तब से इस पीरियड ड्रामा को देखने के लिए दर्शकों का उत्साह हर दिन बढ़ रहा है। फिल्म में उपेंद्र, किच्चा सुदीपा और श्रिया सरन लीड रोल में हैं। श्रिया सरन लगातार सुर्खियां बटोरती हैं, चाहे वह उनकी आश्चर्यजनक शैली, उनकी परियोजना पसंद, या हालिया ब्लॉकबस्टर –दृश्यम 2 में उनके असाधारण काम के लिए हो। दृश्यम 2 के साथ उद्योग में अपनी पहचान बनाने के बाद, श्रिया सरन अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। अभिनेत्री पैन–इंडिया फिल्म, अंडरवर्ल्ड का कब्जा में मधुमती के रूप में दिल जीतने के लिए तैयार हैं। इस बारे में बात करते हुए श्रिया ने कहा, मैं अपने सभी प्रोजेक्ट्स के लिए अपने प्रशंसकों से मिल रहे प्यार और सराहना से वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। दर्शकों से मिले प्यार और समर्थन के लिए मैं शुक्रगुजार हूं। मेरी प्राथमिकता हमेशा उनका मनोरंजन करना रही है और मुझे उम्मीद है कि मैं हमेशा इसी तरह उनकी उम्मीदों पर खरी उतरूंगी। ह्यअंडरवर्ल्ड का कब्जाह्न 17 मार्च को हिंदी, कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की कहानी भारतीय इतिहास के सबसे बड़े माफिया अर्केश्वरा के शासन पर आधारित है। फिल्म में मुरली शर्मा, नवाब शाह, कोटा श्रीनिवास राव और कई अन्य प्रतिभाशाली कलाकार भी हैं।

### तेलुगु ओटीटी में कदम रख रहे पुष्पा में अल्लू अर्जुन के दोस्त

साउथ इंडस्ट्री के दमदार एक्टर अल्लू अर्जुन की सुपरहिट फिल्म पुष्पा: द राइज में तालियां बटोरने के बाद एक्टर जगदीश बांदरी तेलुगू ओटीटी फिल्म साथी गनी रेंदु एकरालु में लीड रोल निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पुष्पा के निमार्ताओं, माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रोड्यूस और अभिनव डंडा द्वारा डायरेक्ट साथी गनी रेंदु एकरालु की शूटिंग हैदराबाद के पास कोल्लूर में होगी। यह फिल्म तेलुगु ओटीटी प्लेटफॉर्म अहा पर स्ट्रीम होगी।

माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक बयान में कहा: हम अहा पर दर्शकों के लिए अपनी पहली ओटीटी तेलुगु फिल्म लाने के लिए काफी एक्साइटिड हैं। ओटीटी में कदम रखना सफलता का संकेत है। हमारा मानना है कि यह दर्शकों को एंटरटेनमेंट देने के साथ सुपर लेवल पर प्रभावित करने का एक अवसर है।

उन्होंने आगे कहा, फिल्म की कहानी काफी पावरफुल है। फिल्म के लिए शानदार म्यूजिक भी कंपोज किया गया है,।

जगदीश के अलावा, ट्विस्ट के साथ डार्क कॉमेडी में दमदार कलाकारों की टुकड़ी है, जिसमें वेन्नेला किशोर, बिथरी साथी, मोहना श्री सुरगा, राज तिरंडासु और अनीशा दामा शामिल हैं।

# थलपति विजय–लोकेश कनगराज की फिल्म लियो ने रिलीज से पहले कमाए 246 करोड़



तमिल सुपरस्टार थलपति विजय की फिल्म लियो ने डिजिटल राइट्स, सैटेलाइट और म्यूजिक राइट्स से 246 करोड़ रुपए की कमाई की है। तमिल के सुपर डायरेक्टर लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित फिल्म ने फिल्म के प्रोमो की घोषणा के तुरंत बाद एक बड़ी रकम एकत्र की है।

कनगराज की पिछली फिल्म विक्रम में कमल हासन ने संग्रह के रिकॉर्ड तोड़ दिए और उद्योग की चर्चा से पता चलता है कि फिल्म लियो, जिसमें वह थलपति विजय के साथ एकजुट हो रहे हैं, उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को लगभग 250 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है और इसने पहले ही 246 करोड़ रुपए की चौंका देने वाली कमाई कर ली है। फिल्म के डिजिटल अधिकारों ने इसे 150 करोड़ रुपए, जबकि इसके उपग्रह अधिकारों ने 80 करोड़ रुपए और संगीत अधिकारों ने 16 करोड़ रुपए एकत्रित किए। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त एंटी–हीरो के रूप में हैं। कनगराज और विजय की एक साथ आखिरी फिल्म, मास्टर एक ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। तमिल फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि किसी फिल्म के प्रोमो के शुरूआती दौर में इतने बड़े कलेक्शन की उम्मीद नहीं रही। फिल्म में 14 साल बाद विजय और त्रिशा का पुनर्मिलन भी है। अन्य प्रमुख भूमिकाओं में अर्जुन सरजा, मंसूर अली खान, गौतम वासुदेव मेनन और प्रिया आनंद हैं। इस बीच, फिल्म का यूट्यूब प्रोमो भी एक बड़ी वैश्विक हिट रहा है,

# बोनी कपूर ने दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी पर बायोग्राफी की घोषणा की



फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने अपनी दिवंगत पत्नी और दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी की बायोग्राफी द लाइफ ऑफ ए लीजेंड की घोषणा की। उन्होंने इसकी घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। बोनी ने कहा, श्रीदेवी प्रकृति की ताकत थीं। जब उन्होंने अपनी कला को पर्दे पर अपने प्रशंसकों के साथ साझा किया तो वह सबसे ज्यादा खुश थीं, लेकिन वह एक नितांत निजी व्यक्ति भी थीं।

पुस्तक धीरज कुमार द्वारा लिखी गई है, जिन्हें अभिनेत्री परिवार का सदस्य मानती थी। उन्होंने आगे कहा, धीरज कुमार वह हैं जिन्हें वह परिवार की तरह मानती थीं। वह एक शोधकर्ता, लेखक और स्तंभकार हैं। हमें खुशी है कि वह किताब लिख रहे हैं जो उनके असाधारण जीवन के अनुकूल है।

यह पुस्तक भारतीय सिनेमा में बेजोड़ करियर रखने वाली सुपरस्टार श्रीदेवी का पूरा चित्र प्रस्तुत करती है। उन्होंने तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में 50 वर्षों में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया। उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया, उन्होंने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, राज्य सरकार पुरस्कार और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते।

# अदिति देव शर्मा ने कथा अनकही में हर गुजरते दिन के साथ नई परतें खोलीं



कथा अनकही की अभिनेत्री अदिति देव शर्मा ने शो में अपने ऑन–स्क्रीन चरित्र कथा के आघात और सदमे के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि कैसे कथा सदमे और दर्द से बाहर आने की कोशिश कर रही है लेकिन फिर से उसे अपने जीवन में इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ता है।

शो में फिलहाल वियान (अदनान खान) कथा और उसके इरादों को समझने की पूरी कोशिश करता नजर आ रहा है और दोनों एक प्रोजेक्ट मीटिंग के लिए दुबई में होंगे। वर्तमान ट्रैक में कथा के चरित्र से गुजर रहे सदमे के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री अदिति ने साझा किया, कथा पहले से ही अपने जीवन की सबसे अंधेरी रात के आघात से बाहर आने की कोशिश कर रही है, जहां उसे अपने स्वाभिमान को छोड़ना पड़ा, अपने बेटे के लिए पैसों का इंतजाम करने के लिए। वह जो कुछ भी हुआ उसे भूलने की पूरी कोशिश कर रही है और अपनी नौकरी और आरव पर ध्यान केंद्रित कर रही है लेकिन वियान को उसे समझने और यह जानने की जरूरत है कि उसका इरादा बिल्कुल भी मदद नहीं कर रहा है और घाव को और भी गहरा कर रहा है।

आगे कथा और विमान का रिश्ता और उनके इरादे कहां तक पहुंचेंगे यह तो वक्त के साथ ही पता चलेगा। अदिति ने आगे कहा, हर दिन जब मैं कथा का रोल करती हूं, तो मुझे लगता है कि मैं किरदार की एक नई परत खोल रही हूं। वह जिस भावनात्मक उथल–पुथल से गुजर रही है, उसे चित्रित करना बहुत चुनौतीपूर्ण है।

एक तरफ, वह कहीं न कहीं खुश है कि वह वह अपने बच्चे को बचा सकती है लेकिन दूसरी ओर, अंधेरी रात अभी भी उसका पीछा करती है।कथा अनकही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक **नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com